
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी 2024 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष : 27, अंक : 269 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 11.0, न्यून. 8.5 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श किया जाएगा। ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर की चिंताओं को सुनने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

साढ़े तीन घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार व ट्रांसपोर्टरों के बीच सुलह, ड्राइवर तुरंत काम पर लौटे

**नए कानून को लेकर था विरोध**

# ड्राइवरों की 'हड़ताल' खत्म, केंद्र ने कहा-नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार से देश के 10 राज्यों में शुरु हुई ड्राइवरों की हड़ताल मंगलवार रात 10 बजे खत्म हो गई। केंद्रीय गृह सचिव और ट्रांसपोर्टर्रों के बीच मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे से शुरु हुई बैठक रात 10 बजे नतीजे पर पहुंच गई। अब सभी ट्रांसपोर्टर विरोध छोड़कर तत्काल काम पर लौट आए हैं। गौर हो कि हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ आक्रोश के बीच जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। पेट्रोल-डीजल, ▶▶ शेष पेज 5 पर



## देशभर में हड़ताल का असर

हिट-एंड-रन मामलों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए नए कानून के खिलाफ देश के कई हिस्सों में हड़ताल शुरू हुई है। खबरों के मुताबिक पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन जारी रहने के बीच, पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन, मुंबई के अध्यक्ष चेतन मोदी ने बताया कि सोमवार से ड्राइवरों के आंदोलन के कारण पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हुई है। सिर्फ मुंबई में ही नहीं, हिमाचल प्रदेश और पंजाब, ठाणे और अन्य प्रमुख शहरों में भी पेट्रोल पंपों पर लंबी ▶▶ शेष पेज 5 पर




ट्रक चालकों की हड़ताल से पूरे देश में ईंधन की भारी किल्लत रही। हैदराबाद में पेट्रोल पंप पर करीब एक किमी लंबी कतार घंटों लगी रही।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
LAJPAT NAGAR-II: D-12, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पति पर व्यभिचारी का झूठा आरोप लगाना क्रूरता



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पति के खिलाफ विवाहेतर संबंध के निराधार आरोप लगाना और सार्वजनिक स्थान पर उसे व्याभिचारी ठहराना कठोर क्रूरता का कृत्य है। इस तरह का कृत्य तलाक का आधार है। जस्टिस सुरेश कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये अहम टिप्पणी की। उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें पति की ओर से क्रूरता का आरोप लगाने वाली याचिका पर तलाक का आदेश दिया गया है।

### समोसे खाने से 20 शिक्षक हुए बीमार



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर कस्बे में एक महाविद्यालय में नव वर्ष के मौके पर आयोजित समारोह में कथित तौर पर समोसे खाने से 20 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई। नव वर्ष के मौके पर समारोह के लिए कस्बे की नामी मिष्ठान दुकान से समोसे, मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री मंगाई गई थीं। 'समोसे खाने' के कुछ देर बाद शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई। सभी शिक्षकों को ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) और शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भाजपा हर रोज कराएगी करीब 50 हजार श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन, पार्टी ने इसके लिए राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक भी तय कर दिए

# राम जी करवाएंगे 'लक्ष्य' पार

श्रद्धालुओं के अयोध्या आने के लिए रोजाना 35 ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, ये ट्रेनें 430 शहरों से चलाई जाएंगी

◆ अबकी बार 400 पार... 'तीसरी बार' मोदी सरकार...भाजपा ने तय किया नारा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भाजपा का प्लान तैयार, दिवाली जैसा माहौल बनाने के निर्देश, 2 महीने चलेगी मुहिम, भाजपा बुकलेट में इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि कैसे विपक्षी दलों ने मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया।

◆ बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा क्लस्टर्स में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे। बैठक में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण- प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा की गई

इन 50 हजार लोगों की रुकने की व्यवस्था अयोध्या में भाजपा नेताओं की तरफ से की जा रही।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए कमर कस ली है। इस दिन पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल होगा। अयोध्या में श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु भाजपा कार्यकर्त्ता 25 जनवरी से 25 मार्च तक तैयार रहेंगे। भाजपा अगला लोकसभा चुनाव 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' के नारे साथ लड़ेगी।

नई दिल्ली में मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगवाई में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। भारतीय जनता पार्टी की इस अहम बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का नारा 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' तय कर दिया गया। इसके लिए बीजेपी ने राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक भी तय कर दिए हैं। बैठक में बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे।




फाइल फोटो

### राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले लोग भाजपा के झंडे का इस्तेमाल नहीं करेंगे

बैठक में तय किया गया कि 25 जनवरी से लेकर 25 मार्च तक देश के अलग-अलग राज्यों से राम मंदिर के दर्शन करने आने वाले लोगों को भाजपा के नेता और कार्यकर्ता सुविधा मुहैया कराएंगे। इसके तहत राम मंदिर के दर्शन करने वालों लोगों को ढोल नगाड़े, तिलक और फूल माला के साथ भेजा जाएगा। एक दिन में तकरीबन 50 हजार लोगों को राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। भाजपा हर बूथ लेवल से राम मंदिर का दर्शन कराएगी। बैठक में जेपी नड्डा ने कहा कि सबको अच्छे से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अयोध्या आने वालों की कार्यकर्ता करेंगे मदद

भाजपा कार्यकर्त्ता प्राण प्रतिष्ठा के दिन और अगले दो महीने तक अयोध्या आने वाले लोगों की हरसम्भव मदद के लिए तैयार रहेंगे। देश के हर कोने से जो भी व्यक्ति अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के लिए आना चाहेगा,उसका सहयोग करेंगे। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्त्ता इस बात को भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पार्टी के संघर्ष और आंदोलन की वजह से ही सम्भव हो सका है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ लेवल पर उन लोगों से सम्पर्क करेंगे जो राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या जाना चाहते हैं। उनको सहयोग करेंगे। दर्शन सुगमता से हों इसका प्रबंध करेंगे। 25 जनवरी से अगले दो महीने तक देशभर में राम मंदिर दर्शन के लिए आम लोगों की मदद की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में तय किया गया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा 400 पार के नारे के साथ मैदान में उतरेगी। भाजपा के सभी प्रदेश अध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतने का निर्देश दिया गया।

दोनों ही सीएम कर रहे हैं ईडी का सामना

# एक ही नाव में सवार हैं हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल!

केजरीवाल को ईडी के तीसरे नोटिस पर आज पेश होना है, पहले टाल चुके हैं दो नोटिस

दिल्ली के सीएम के सामने भी गिरफ्तारी की नौबत 'मैं भी केजरीवाल' अभियान के पीछे यहीं आशंका

अटकलें, गिफ्तारी के अंदेशे के चलते सोरेन अपनी पत्नी को सीएम बनवाने की जुगत में



आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

झारखंड और दिल्ली में लगभग एक जैसे राजनैतिक हालात हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के समन के चलते आज बुधवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है और आज ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी ईडी के सामने पेश होना है।

इससे पहले सोरेन ईडी के छह नोटिसों की अनदेखी कर चुके हैं, उनको सातवां और अंतिम नोटिस मिल चुका है जबकि केजरीवाल ईडी के दो नोटिसों टाल चुके हैं। बुधवार तीन जनवरी को केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होने का तीसरा नोटिस मिला हुआ है। देखना यह है कि केजरीवाल पेश होते हैं या फिर इसे भी किसी वजह से इसे टालते हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल भी जल्द ही सोरेन जैसे संकट से दो चार हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप सकते हैं। उधर, आम आदमी पार्टी दिल्ली में 30 दिसंबर तक 'मैं भी केजरीवाल' अभियान चलाकर जनता से पूछ चुकी है कि क्या केजरीवाल को जेल से सरकार चलानी चाहिए।

दिल्ली में भाजपा आरोप लगा रही है कि इस कथित अभियान के जरिये केजरीवाल सीएम की कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि अब ये टोटके काम नहीं आने वाले। जबकि आम आदमी पार्टी दावा कर रही है कि 'मैं भी केजरीवाल' अभियान के तहत दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की राय दी है। हालांकि जानकारों ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री ने उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक ली

# पुलिस,सेना और सीएपीएफ के बेहतर समन्वय का भी शाह ने लिया जायजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री को सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। ऐसा माना जा रहा है कि गृह मंत्री केंद्र शासित प्रदेश में हाल के हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की समीक्षा कर रहे हैं।

बैठक में शाह ने जम्मू-कश्मीर में तैनात पुलिस, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच पूर्ण क्षेत्र प्रभुत्व और बेहतर समन्वय पर भी ध्यान केंद्रित किया। गृह मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय खुफिया जानकारी को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्य सचिव अटल ▶▶ शेष पेज 5 पर




### आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति

गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए पिछले जनवरी में इसी तरह की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी और कहा था कि सभी सुरक्षा एजेंसियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आतंकवादियों के समर्थन और सूचना तंत्र को पूरी तरह से खत्म करने के लिए 360 डिग्री सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

वैवाहिक विवाद मामले में केंद्र ने दी नई सुविधा

# महिला कर्मी बच्चों को बना सकेगी नामिनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि महिला कर्मचारी वैवाहिक विवाद के मामले में पति के बजाय अपने बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### नियम में ऐसा संशोधन

- ऐसे सभी मामलों में जिनमें तलाक की याचिका दायर की गई है
- घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत याचिका दायर की गई है
- भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामलों में ले सकेंगे निर्णय

### सशक्त हो सकेंगी महिलाएं

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि यह संशोधन डीओपीपीडब्ल्यू ने प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी श्रीनिवास ने कहा, यह संशोधन प्रगतिशील प्रकृति का है।

वक्फ बोर्ड भर्ती मामले में की गई कार्रवाई

# आप के विधायक अमानत के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत दिल्ली में चार से पांच ठिकानों पर तलाशी ली। आप विधायक के खिलाफ ईडी की यह कार्रवाई दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में की गई। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉड्रिंग मामले के तहत चार-पांच ठिकानों पर छापेमारी की गई। इससे पहले अक्टूबर महीने में ईडी ने आप विधायक के परिसरों पर छापा मारा था। इस मामले में अमानतुल्ला खान के तीन कथित सहयोगियों को भी प्रवर्तन निदेशालय ने नवंबर महीने में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के विधायक पर आरोप लगाया कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से धन इकट्ठा किया और इसे अपने सहयोगियों के नाम पर संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया। खास बात है कि सीबीआई की एफआईआर और दिल्ली पुलिस की शिकायतें आप विधायक के खिलाफ ईडी की कार्रवाई का आधार बनीं हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि अमानतुल्ला खान ने आपराधिक गतिविधियों से बड़ी रकम अर्जित की और इसे अपने सहयोगियों के नाम पर दिल्ली में विभिन्न अचल संपत्तियों की खरीद में निवेश किया गया था। कहा गया है कि छापे के दौरान भौतिक और डिजिटल साक्ष्य के रूप में कई दोषपूर्ण सामग्रियां जब्त की गईं, जो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में खान की भूमिका का संकेत देती हैं।



प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही समाज को भी एक नया संदेश देने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह पहल की

# सामाजिक समरसता... जाति नहीं, योग्यता से बने राम मंदिर में होंगे 24 पुजारी,3 माह का प्रशिक्षण

इनमें दो एससी और एक ओबीसी के, प्रशिक्षण के दौरान न मोबाइल इस्तेमाल की इजाजत न बाहरी व्यक्ति से संपर्क की

दक्षिण भारत के मंदिरों की बात करें तो 70 फीसदी पुजारी गैर ब्राह्मण | शैव परंपरा के अखाड़ों में भी गैर ब्राह्मणों का ही वर्चस्व

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

नगरी भगवान राम की है, संदेश भी आदर्श और सामाजिक समरसता का होगा। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही पुजारियों से जुड़े नए प्रतिमान गढ़े जाएंगे। राममंदिर के लिए पूरे देश से चुने गए 24 पुजारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें से दो अनुसूचित जाति (एससी) व एक पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। मंदिर के विग्रहों पर पूजन के लिए राममंदिर के महंत मिथिलेश नंदिनी शरण और महंत सत्यनारायण दास पौरोहित्य व कर्मकांड का प्रशिक्षण दे रहे हैं। हालांकि, पहली बार नहीं है, जब किसी गैर ब्राह्मण को पुजारी नियुक्त किया गया है। राममंदिर में इसके पूर्व में मुख्य पुजारी अन्य पिछड़ा वर्ग से थे। दक्षिण भारत के मंदिरों की बात करें तो 70 फीसदी पुजारी गैर ब्राह्मण हैं। शैव परंपरा के अखाड़ों में भी गैर ब्राह्मणों का ही वर्चस्व है। पुजारियों का चयन ▶▶ शेष पेज 5 पर




### हनुमानजी के वैदिक ध्यान मंत्र समेत 14 सवालों पर चयन



नवंबर में सभी 24 पुजारियों का चयन 14 सवालों की बाधा पार करने के बाद हुआ। तीन चरणों के साक्षात्कार के बाद 3240 अभ्यर्थियों में से 25 को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। बाद में एक अभ्यर्थी आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने नाम वापस ले लिया। आचार्य शास्त्री के अनुसार अंतिम दौर के तीन सवाल बेहद कठिन थे। हनुमानजी का वैदिक ध्यान मंत्र, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पांच साल में पांच करोड़ के नोट बाजार में उतार चुके थे आरोपी

# 50 लाख के नकली नोटों के साथ तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने नकली नोटों की छपाई और पूरे उत्तर प्रदेश में उनकी सप्लाई करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। मामले में पकड़े गये तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 50 लाख के नकली नोट पकड़े गये हैं।

गिरफ्तार लोगों में एक अंडर ट्रेनिंग बीयूएमएस डॉक्टर और दूसरा सीएससी सेंटर संचालक शामिल है। इनके पास से बरामद सभी नोट 500-500 के है। आरोपियों की निशानदेही पर यूपी में छापा मारकर प्रिंटिंग यूनिट का भी पर्दाफाश किया गया है। स्पेशल सीपी हरगोविंद सिंह धालीवाल के अनुसार साउथ वेस्ट रेंज के डीसीपी इंगित प्रताप सिंह की देखरेख में एसीपी संजय दत्त और सुनील कुमार की टीम ने इस गैंग का पर्दाफाश किया है। आरोपियों के नाम आसिफ अली, दानिश अली और सरताज खान हैं। सभी यूपी के बदायूं के रहने वाले हैं। यह गैंग पिछले पांच सालों से इस गोरखधंधे में शामिल था। अब तक पांच करोड़ से ज्यादा के नकली नोट छाप कर बाजार में सप्लाई किये जा चुके हैं।

### बदायूं में की जाती थी नकली नोटों की छपाई

पुलिस को सूचना मिली थी कि बदायूं का रहने वाला आसिफ नकली नोटों की प्रिंटिंग करता है। अपने साथियों के जरिए बाद में उनकी सप्लाई दिल्ली एनसीआर, यूपी, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में करता था। आसिफ के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा की गई। 30 दिसंबर की रात उसके अपने साथियों के साथ अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने की सूचना मिली। इसके बाद ट्रैप लगाकर इन्हें धर दबोचा गया। सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में पता चला मास्टर माइंड आसिफ अली के पिता किसान हैं और उसने 12वीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद अपने इलाके में ही यूनानी मेडिसिन डॉक्टर के पास काम करने लगा था। जब इसे मेडिसिन के बारे में जानकारी हुई तो वह अपने गांव चला गया और वहां यह लोकल डॉक्टर बनकर लोगों को दवाई देने लगा। लेकिन इसकी कमाई से परिवार वाले खुश नहीं थे, तो इसने नकली नोटों की छपाई का धंधा भी शुरू कर दिया। अपने साथ सरताज और दानिश अली को शामिल कर लिया। सरताज सॉफ्टवेयर इंजिनायर है। दानिश अली बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी (बीयूएमएस) की पढ़ाई कर रहा है। सरताज खान गांव में ही सीएससी सेंटर चलाता था और उसे कंप्यूटर इस्तेमाल की पूरी जानकारी थी।

## रंजिश में बीसी की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर थाना इलाके में एक शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। यह वारदात प्रताप गार्डन कॉलोनी में सामने आई। मृतक इलाके का बेड करेक्टर था। जिस पर हत्या का आरोप है, वह भी घोषित बदमाश है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की क्या वजह रही, इसकी अभी छानबीन की जा रही है। हालांकि बताया जा रहा है कि रंजिश के चलते हत्या की गई है।


### पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: नामालूम, पिता का नाम: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र:** लगभग 60–65 वर्ष, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 9 इंच, **रंग:** गोरा, **पहनावा:** काली रंग की जैकेट और स्लेटी रंग की पैन्ट पहने है, का शव फुटपाथ पर, कटरा लेहस्वान बाजार, चाँदनी चौक, दिल्ली में दिनांक **31.12.2023** को थाना कोतवाली, दिल्ली के क्षेत्र में मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 27A, dated 31.12.2023** के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना कोतवाली, दिल्ली
फोन नं. 011-23977100, 8750870121

DP/37/N/2024


## बुराड़ीः ईको वैन की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मां का था जन्मदिन, नये साल पर मंदिर जाते समय हुआ हादसा
- हादसे के बाद भागते वैन चालक ने कई वाहनों को मारी टक्कर, आरोपी वैन चालक गिरफ्तार

बुराड़ी इलाके में नये साल के पहले ही दिन सड़क हादसे में मां बेटे की मौत हो गई। इस हादसे में तेज रफ्तार ईको वैन ने स्कूटी सवार मां बेटे को काफी दूर तक घसीटा। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक राजू को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

बताया जा रहा है कि हादसे को अंजाम देने के बाद वैन चालक ने भागने का प्रयास किया और इस दौरान कई अन्य वाहनों को भी उसने टक्कर मारी। पुलिस के अनुसार राजू ईको वैन से जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से अलीपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर के बीच में सवारी ढोता है। लेकिन नववर्ष पर करनाल बाईपास पर जाम की वजह से वह बुराड़ी के रास्ते अलीपुर से जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुराड़ी थाने से आगे पेट्रोल पंप के पास उसने स्कूटी सवार मां बेटे को जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद भी वैन नहीं रुकी और उसने एक पैदल यात्री, कार और बाइक सवार को टक्कर मारी। फिर डिवाइडर से टकराकर वैन रुक गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने 52 वर्षीय आशा महाजन और उनके 26 वर्षीय बेटे कनिष्क महाजन को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा मुकुंदपुर निवासी रिंकू और करावल नगर निवासी गगन प्रसाद को भी चोट आई। हालांकि दोनों इलाज के बाद पुलिस को बिना बताए फरार हो गये।

## शाहदराः नौकरी के बहाने 50 लाख ठगने वाला धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की जगतपुरी पुलिस ने इंडिगो एयरलाइंस के एक पूर्व कर्मचारी को ठगी के आरोप में अरेस्ट किया है। इस पर एयरलाइन में नौकरी दिलाने के बहाने एक परिवार से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। आरोपी का नाम इशू वर्मा उर्फ राहुल सक्सेना (29) है।

डीसीपी शाहदरा रोहित मीना के मुताबिक गत महीने की 31 तारीख को इस मामले की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता जगतपुरी निवासी शम्मी मेहरा (48) ने बताया कि उसके दो बच्चे टीशा और नितिन मेहरा हैं। जून 2023 में उनकी बेटी टीशा ने नौकरी खोजने के लिए इनडीडी एप पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। उनकी बेटी से उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया और उन्हें इंडिगो एयरलाइंस में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी की पेशकश की थी। आरोपी इशू वर्मा ने खुद को अयान मलिक बताया था। इसके बाद परिवार ने वर्मा को कई महीनों में किश्तों में 50 लाख रुपये का भुगतान किया। आरोपियों ने बाकायदा इंटरव्यू भी करवाया था। इसके बाद ऑफर लेटर दिया गया था जोकि सत्यापन में फर्जी पाया गया। पीड़ितों का कहना है कि उनके बेटे को भी नौकरी की पेशकश की गई और उसे भी ऑफर लैटर दिया गया था। दोनों बच्चों की नौकरी के लिये परिवार ने यह रकम जालसाज को दी थी। शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता ईशु वर्मा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ईशु वर्मा उर्फ राहुल सक्सेना ने एमबीए की पढ़ाई की थी और इंडिगो एयरलाइंस में बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) ऑफिसर के पद पर कार्य किया था। पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ रह रहा था। जांच में पता चला कि इसने गलत तरीके से कमाए गए पैसे को बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया था और पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय अपनी पहचान छुपाने के लिए वॉयस चेंजर एप का भी इस्तेमाल किया गया था।

## वर्क-फ्रॉम-होम के बहाने ठगी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले की पुलिस ने वर्क-फ्रॉम-होम के बहाने ठगी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन आरोपी गिरफ्तार हुये हैं। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक पीओएस स्वाइप मशीन, पांच डेबिट कार्ड, आठ चेक बुक और नकद राशि 1.80 लाख रुपये बरामद हुई है। ठगों के 32 खाते फ्रीज करवाए गये हैं। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार यह गिरोह लोगों को यूट्यूब चैनलों को लाइक और सब्सक्राइब करने और वर्क-फ्रॉम-होम के बहाने पैसे कमाने का लालच देता था। मामले में शिकायत प्रिंस गौतम निवासी सुल्तानपुरी ने की थी। शिकायतकर्ता से 4,87,000 रुपये ठगे गये थे। 8 नवंबर 2023 को शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान 19 दिसंबर 2023 को निर्मल विजय निवासी बेवर्ली हिल्स, नानाचिलोडा, अहमदाबाद को गिरफ्तार किया गया। उसने खुलासा किया कि विभिन्न बैंकों में अपने नाम पर लगभग 21 खाते खोले थे और अपने बैंक खातों के साथ-साथ अन्य खाताधारकों के 32 खाते वसीम को सौंपे थे। पीएनबी के एक खाते में दो दिन में ही 1.63 करोड़ के लेनदेन का खुलासा भी जांच में हुआ। निर्मल विजय की पांच दिन की पीसी रिमांड के दौरान उसके साथी मोसिन उर्फ वसीम निवासी नागौर, राजस्थान को 23 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोसिन उर्फ वसीम ने खुलासा किया कि उसने सभी खाते जावेद को सौंपे हैं, जो वर्तमान में अहमदाबाद में रह रहा है। जावेद चंदा को 31 दिसंबर को लूनावाड़ा, गुजरात से गिरफ्तार किया गया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करनजीत उर्फ कालू पुत्र पिंकू निवासी मकान नं. 382, ट्रांजिट कैंप, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **1957 / 2015, अंतर्गत धारा 324/34 आईपीसी के तहत, थाना राजौरी गार्डन, ज़िला पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करनजीत उर्फ कालू** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करनजीत उर्फ कालू** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **1957 / 2015, अंतर्गत धारा 324/34 आईपीसी के तहत, थाना राजौरी गार्डन, ज़िला पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करनजीत उर्फ कालू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री नीतिका कपूर**
महानगरीय दण्डाधिकार–2 (पश्चिम)
कमरा नं. 356
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/15102/WD/2023**
**(Court Matter)**



### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन पानीपत | आउटलेट आरडी 6225–आर सिसाना माइनर पर वाटरकोर्स की पुनः स्थापना + 12 कार्य। | 28.12.2023 18.01.2024 | 6.97 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0180-2650805 xencadpanipat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23857/I/88/7 दि. 02.01.24





# दिल्ली में 24 घंटे खुले रहेंगे 32 और व्यावसायिक प्रतिष्ठान, एलजी के पास भेजी फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा, युवाओं के लिए पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर
- सीएम ने पिछले कुछ सालों में 667 दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित करने की दी है अनुमति

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को 32 और दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल से दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इन प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने को लेकर दिल्ली के श्रम विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। ये व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, रिटेल ट्रेड या बिजनेस, प्रोविजन स्टोर कटेगरी के हैं। सभी को दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 के प्रावधानों और नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकार इन पर कड़ी निगरानी रखेगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा सके। अब इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी देने के लिए फाइल एलजी के पास भेजी गई है। इन दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को दिल्ली शॉप एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। मसलन, गर्मियों के दिनों में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के बीच किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को तय समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कराए जा सकते हैं। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। अलग-अलग इलाकों में दुकानों को खोलने या बंद रखने का अलग-अलग समय तय हो सकता है और स्वामियों को उसका पालन करना होगा।

### 52 लोगों से मिले थे आवेदन

दिल्ली शॉप एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 1954 के तहत दिल्ली के श्रम विभाग के पास 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 52 लोगों ने आवेदन किया था। श्रम विभाग द्वारा इन आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान 52 में से 20 आवेदन पत्रों में कमियां पाई गई। जिसके बाद इन पर विचार नहीं किया गया। वहीं, 32 आवेदन पत्र सभी मानक पूरे करते पाए गए। जिसके बाद इनको स्वीकृति दी गई है। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली के अंदर 24 घंटे दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालन की अनुमति लेने वालों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। सीएम द्वारा समय-समय पर मानदंडों को पूरा करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मंजूरी दी जाती है। इससे पहले, सीएम ने अगस्त माह में 29 और नवंबर माह में 83 दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमति दी थी। अब 32 और दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमति दी गई है। इसके बाद अब इनकी संख्या बढ़कर 667 हो गई है।

### इन इलाकों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान खोलने की मिली अनुमति

दिल्ली सरकार ने जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है, उनमें कई कैटेगरी दुकानें हैं। मसलन, अलीपुर, महरौली, बदरपुर, गांधी नगर में एक-एक लॉजिस्टिक एंड कूरियर सर्विस के व्यवसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खुलेंगे। ओखला फेस-3 में एक स्वीट शॉप, मेहरौली में एक होटल एवं रेस्टोरेंट को अनुमति मिली है। इसी तरह, नेताजी नगर में एक रेस्टोरेंट एवं इवेंट मैनेजमेंट, अशोक विहार में एक डिपार्टमेंटल कंवेनियंस स्टोर, गुप्ता कालोनी में एक प्रोजिन स्टोर, विनोद नगर, राजौर गार्डेन आसफ अली रोड, द्वारका सेक्टर 23ए, नजफगढ़ रोड, अफ्रीकन एवेन्यू, हौज खास, शक्ति नगर एक्सटेंशन, महावीर एनक्लेव, प्रियदर्शनी विहार, राजेंद्र प्लेस, विकासपुरी, हौज खास, मुनिरका, छतरपुर में स्टोर मैनेजमेंट सर्विस को अनुमति दी गई है। जबकि, न्यू अशोक नगर में सोर्सिंग ऑफ मर्चेंडाइज, वसंत कुंज, ग्रीन पार्क, राजौर गार्डेन, रोहिणी सेक्टर 10, द्वारका सेक्टर 4 में आयुर्वेदिक एवं फूड वस्तुओं की रिटेल सेल के प्रतिष्ठान खोलने की अनुमति दी गई है।

## केजरीवाल को नेक सलाह, कानून का करें सम्मान : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नेक सलाह देते हुए कहा है कि वह कानून का सम्मान करें और शराब घोटाले में चल रही जांच में शामिल हों। संवैधानिक पद पर बैठे होने के कारण उन्हें जनता के सामने भी कानून के सम्मान का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा से ही यह दिखाने का प्रयास करते रहे हैं कि जैसे कानून उन्हें और उनके साथियों को फर्जी मामलों में फंसा रहा है जबकि यह सच्चाई नहीं है। केजरीवाल के मंत्री विभिन्न आरोपों में दोषी साबित हुए हैं। एक मंत्री को फर्जी डिग्री में दोषी पाया गया है और एक मंत्री यौन उत्पीड़न के आरोप में पकड़ा गया। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह शराब घोटाले में गिरफ्तार हैं और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन हवाला मामले में फंसे हुए हैं। इन सभी के खिलाफ आरोपों की गंभीरता और सबूतों की मजबूती को देखते हुए कोई भी कोर्ट इनकी जमानत लेने के लिए भी तैयार नहीं है। बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन सभी को क्लीन चिट देते रहे हैं और अपने आपको भी क्लीन चिट दे रहे हैं। पूर्व मंत्री जितेंद्र तोमर की डिग्री को तो वह असली बता रहे थे जबकि वह फर्जी पाई गई। इस तरह केवल उनके कहने भर से कोई मामला फर्जी नहीं हो जाता। बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल को ईडी द्वारा तीन बार नोटिस भेजे जा चुके हैं लेकिन वह इन नोटिस की अनदेखी कर रहे हैं और जांच में शामिल होने से इनकार कर रहे हैं।

### दिल्ली सरकार इंडस्ट्रियल हब बनाने को लेकर जल्द ही नोटिफिकेशन करेगी जारी

# रानीखेड़ा में 147 एकड़ में बनेगा इंडस्ट्रियल हब, सीएम ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पूरी तरह ईको-फ्रेंडली इंडस्ट्रियल हब में आईटी, आईटीईएस और रिसर्च जैसी सर्विस इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी
- इंडस्ट्रियल हब में कई क्लस्टर होंगे, रियायती दर पर मिलेगी जमीन, दिल्ली के अलावा बाहर की कंपनियां भी जमीन ले सकेंगी

दिल्ली में रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार रानीखेड़ा में 147 एकड़ जमीन में इंडस्ट्रियल हब बनाने जा रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए डीडीए से यह जमीन ली जा रही है। यह इंडस्ट्रियल हब पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली होगा। यहां पर आईटी, आईटीईएस और रिसर्च जैसी सर्विस इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी। संभावना है कि इसमें कई क्लस्टर भी होंगे, जहां मल्टीलेबल बिल्डिंग बनाई जाएंगी। इंडस्ट्री लगाने के लिए सरकार रियायती दर पर जमीन देगी और इसके विकसित होने पर यहां पर परोक्ष-अपरोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब फाइल एलजी के पास भेजी गई है।

दिल्ली सरकार ने रानीखेड़ा में नया इंडस्ट्रियल हब को विकसित करने के लिए की जिम्मेदारी डीएसआईआईडीसी को सौंपी है। सरकार का कहना है कि इस इंडस्ट्रियल हब में सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके विकास के दौरान हर बुनियादी बातों का ध्यान रखा जाएगा। यहां इंडस्ट्री लगाने के लिए दिल्ली और बाहर के लोग भी रियायती दर पर जमीन ले सकेंगे। चूंकि यह पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक केंद्र होगा। इसलिए यहां ऐसी इंडस्ट्री के लिए जमीन का आवंटन किया जाएगा, जो किसी तरह से प्रदूषण पैदा न करें। लिहाजा, यहां अधिकतर सर्विस सेक्टर से जुड़ी इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा।

### इंडस्ट्री को प्रदूषण मानदंडों का कड़ाई से करना होगा पालन

रानीखेड़ा में स्थापित होने जा रहा इंडस्ट्रियल हब में स्थापित होने वाली इंडस्ट्री को प्रदूषण मानदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। वहीं इंडस्ट्रियल हब आईटी, आईटीएस इंडस्ट्री के साथ ही रिसर्च जैसे सर्विस इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करेगा। इंडस्ट्रियल हब विकसित करने का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और दिल्ली को एक विनिर्माण केंद्र में तब्दील करना है।

### दो चरणों में विकसित होगा इंडस्ट्रियल हब

इंडस्ट्रियल हब का विकास दो चरणों में किया जाएगा। यहां पर एक स्मार्ट इंटीग्रेटेड आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कई बिल्डिंग ब्लॉक्स होंगे, जो पूरी तरह प्रदूषण रहित होंगे और इसमें आईटी, आईटीडीएस, मीडिया, बायोटेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड इनोवेशन हब समेत अन्य इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने इंडस्ट्रियल हब का विकास तय समय सीमा के अंदर पूरा करने पर बल दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### दिल्ली के लोगों को आसानी से मिल सकेगी जॉब

केजरीवाल सरकार दिल्ली में रोजगार को बढ़ावा देने को लेकर कई तरह की कवायद कर रही है, जिससे कि दिल्ली में रह रहे लोगों को आसानी से अच्छी जॉब मिल सके। इसी कवायद की कड़ी में रानीखेड़ा में यह इंडस्ट्रियल हब विकसित किया जाएगा। रानीखेड़ में इंडस्ट्रियल हब को विकसित करने का प्रयास कुछ सालों से चल रहा है। इस कार्य में कई अड़चनें आई, लेकिन अब सारी अड़चनें दूर हो चुकी हैं। एलजी से मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रकिया शुरू की जाएगी। सरकार का प्रयास है कि इंडस्ट्रियल हब का विकास कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए, ताकि रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें।

## केंद्र की गलत नीतियों से मैन्युफैक्चरिंग में लगातार आ रही गिरावट : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों से मैन्युफैक्चरिंग में लगातार गिरावट आ रही है और इससे बेरोजगारी बढ़ रही है। आप ने कहा है कि विश्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 2014 में मैन्युफैक्चरिंग का जीडीपी में 16 प्रतिशत योगदान था, 2022 तक यह घटकर 13.32 प्रतिशत रह गया है, जो साल 1970 के बराबर है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया स्कीम भी लक्ष्य के मुताबिक 2022 तक जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान और 10 लाख रोजगार नहीं दे पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तिमाही अच्छा परफार्म करने पर केंद्र सरकार ऐसे दिखाती है जैसे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने सबको पीछे छोड़ दिया। कक्कड़ ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को 50 साल पीछे पहुंचा दिया है। छोटे उद्यमियों पर तरह-तरह के कानून लाद दिए गए हैं। इसके चलते देश में करीब 10 हजार एमएसएमई बंद हो चुके हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को आर्थिक मामलों में अरविंद केजरीवाल से सलाह लेनी चाहिए, क्योंकि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद से दिल्ली की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिले हैं।

## दिल्ली सरकार ने पारदर्शिता लाने के लिए गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय को दिए नियमों में संशोधन करने के निर्देश : आनंद

नई दिल्ली। गुरुद्वारा चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए दिल्ली सरकार ने मंगलवार को गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय को आवश्यकतानुसार नियमों में संशोधन के लिए निर्देश दिया है। मंगलवार को इस बात की जानकारी देते हुए गुरुद्वारा चुनाव मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि इन संशोधन में गुरुद्वारा चुनाव में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को चुनाव आयोग द्वारा प्रदान किया गया एक फॉर्म भरना होगा। इस फॉर्म में स्पष्ट रूप से, मोटे अक्षरों में, उम्मीदवार के खिलाफ किसी भी लंबित आपराधिक मामले के बारे में जानकारी देना अनिवार्य होगा। वहीं जो उम्मीदवार किसी राजनीतिक दल के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, उन्हें अपने खिलाफ लंबित किसी भी आपराधिक मामले के बारे में पार्टी को सूचित करना होगा। राजनीतिक दल, जनता तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए, इस जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। वहीं सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए, उम्मीदवार और राजनीतिक दल दोनों को इलाके के भीतर व्यापक रूप से प्रसारित समाचार पत्रों में एक घोषणा जारी करनी चाहिए।

## सोमनाथ भारती ने रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र गोयल के साथ की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने मंगलवार को रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र गोयल के साथ बैठक की। इस बैठक में दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। यह बैठक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा - निर्देश में डीजेबी उपाध्यक्ष द्वारा शुरू की गई खास मुहिम "मीट विथ एमएलए" के तहत संपन्न हुई। इस बैठक में डीजेबी उपाध्यक्ष ने जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिठाला क्षेत्र के सीवर और पानी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए। सोमनाथ भारती ने बताया कि अधिकारियों को दिए गए रिठाला विधानसभा के सीवर प्रोजेक्ट का काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए है और इससे डीजेबी के सीवर नेटवर्क का विस्तार होगा।

## 'निगम अधिनियम की धारा के अंतर्गत 15 दिन का नोटिस दिए बिना नहीं किया जा सकता निलंबित'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- राजा इक़बाल सिंह ने अपने निलंबन नोटिस के खिलाफ महापौर डॉ. शैली ओबरॉय को सौंपा लिखित जवाब

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह सहित भाजपा के निलंबित पार्षद योगेश वर्मा, गजेन्द्र सिंह व रवि नेगी ने मंगलवार को अपने निलंबन नोटिस के खिलाफ महापौर डॉ. शैली ओबरॉय को उनके कार्यालय में लिखित जवाब सौंपा है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम के सदन में विपक्ष के सवालों से घबराकर दिल्ली नगर निगम की महापौर ने बिना पूरी जानकारी के आनन-फ़ानन में निलंबन का आदेश जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि निलंबन नोटिस में जिस दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 79(2) का हवाला दिया है उसके अनुसार महापौर को किसी भी पार्षद को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। अतः यह निलंबन नोटिस पूरी तरह गैर कानूनी है। धारा 79(2) के अंतर्गत पहले नोटिस, फिर 15 दिन का नोटिस दिया जाता है और फिर भी यदि निलंबित करना पड़े तो धारा 79(3) के तहत किसी भी पार्षद को निलंबित करने के लिए उसे 15 दिन का नोटिस देना आवश्यक है। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भी 15 दिनों का नोटिस दिए बिना किसी भी पार्षद को निलंबित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि नेता विपक्ष व भाजपा पार्षदों को निगम सदन से निलंबित करने के दौरान इस तरह की किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम की महापौर को निगम सदन की कार्रवाई की जानकारी नहीं है जिसके कारण हर बार उन्हें हंसी का पात्र बनना पड़ता है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दिल्ली के नागरिकों व कर्मियों के हितों और दिल्ली में हुए दवाएं घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी से सवाल पूछ रहे थे जिससे घबराकर महापौर ने आनन फ़ानन में निलंबन का फैसला सुना दिया।


## नई दिल्ली स्थित तिब्बत हाउस में पूर्व सांसद की 84वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि ने कहा है कि हाथरस के सिकंदराराऊ की मातृभूमि के गौरव पूर्व सांसद स्वर्गीय चंद्रपाल शैलानी एक महान क्रांतिकारी थे और वे समाज के गरीब, पिछड़े तथा कमज़ोर वर्ग के लोगों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। डॉ लोकेश मुनि मंगलवार को नई दिल्ली स्थित तिब्बत हाउस में पूर्व सांसद स्वर्गीय चंद्रपाल शैलानी की 84वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शैलानी ने भगवान बुद्ध की महान शिक्षाओं तथा डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा को जीवन में आत्मसात किया और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने तथा शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी प्रयास किये। डॉ लोकेश मुनि ने कहा कि मुझे शैलानी से व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर तो नहीं मिला लेकिन उनकी पुत्री विशाखा शैलानी तथा उनकी पौत्री दृष्टि शैलानी से मिल कर इस समय महसूस हो रहा है कि उनका व्यक्तित्व, व्यवहार और कार्यशैली निश्चित रूप से बहुत ही अच्छी रही होगी। उन्होंने कहा कि शैलानी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी मिल कर कार्य करें।

# गुरु तेग बहादुर स्मारक होने लगा जर्जर

दया राम ⏭ नई दिल्ली

### प्रशासन ने कहा- जल्द किया जाएगा दुरुस्त





दिल्ली के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -44 और नरेला विधानसभा के सिंघु बॉर्डर स्थित गुरु तेग बहादुर स्मारक इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही के चलते जर्जर हो रहा है। स्मारक में जगह जगह लोहे के सरिये दिखने लगे हैं, लाइटें बदहाल हैं, सौंदर्यीकरण के लिए लगाई गई पट्टियों से मार्बल गिरने लगा है। इसके साथ ही कई जगह से छत का ऊपरी हिस्सा टूटने लगा है। यहां आने वाले दर्शकों ने बताया कि स्मारक का हाल बहुत दयनीय है। प्रवेश द्वार जगह जगह जर्जर होकर टूटने लगा है। चारदीवारी के लिए लगाई गई ग्रिल कई जगह टूटी हुई है। वहीं, इस संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारी ने बताया कि जल्द ही इसे दुरुस्त किया जाएगा। बता दें कि सिंघु बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान यहां दिल्ली सरकार की तरफ से किसानों ने काफी व्यवस्थाएं की थीं।

### बंद हो गया है लेजर व साउंड शो

*दिल्ली की कांग्रेस सरकार में यहां कई वर्षों से लेजर व साउंड शो होता था जो अब बंद है। शो का नाम हिंद की चादर था। इस शो के माध्यम से श्री गुरू तेग बहादुर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला जाता था और इस मार्ग से आने वाले हजारों लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होता था, जिसे लोग यहां रुक कर देखते थे। श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन परिचय पर करीब 25 मिनट के तीन शो प्रतिदिन रात के समय लेजर व साउंड शो के माध्यम से दिखाए जाते थे जो कि हिन्दी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा में थे। बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने स्वयं अपने मार्ग दर्शन में बनवाया था।*

### प्रदेश अध्यक्ष ने एमसीडी द्वारा लगाये गए पार्किंग बोर्ड पर किया पेंट

# स्थानीय मार्किटों पर पार्किंग शुल्क लगाने का विरोध करेगी भाजपा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा राशन और किराने की दुकानों वाली स्थानीय मार्किटों पर एमसीडी द्वारा पार्किंग शुल्क लगाने का कड़ा विरोध करेगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में केवेंटर्स मार्केट नामक एक छोटी से स्थानीय मार्किट में लगाए गए पार्किंग बोर्ड पर विरोध स्वरूप पेंट करने के बाद निगम सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही।

उन्होंने कहा कि छोटे स्थानीय बाजारों पर गलत तरीके से पार्किंग शुल्क लगाने पर दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय को दिल्लीवासियों को जवाब देना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि सूरजमल विहार में केवेंटर्स मार्केट में हाल ही में दिल्ली नगर निगम ने भारी पार्किंग शुल्क लगाया है। यहां शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष संजय गोयल, स्थानीय पार्षद डॉ. मोनिका पंत, केवेंटर्स मार्केट के दुकानदार और सूरजमल विहार निवासी पार्किंग शुल्क लगाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा संचालित एमसीडी द्वारा किराना राशन बेचने वाली छोटी स्थानीय मार्किटों पर पार्किंग शुल्क लगाना कुतुब उद दीन ऐबक द्वारा ज़ज़िया टैक्स लगाने के बराबर है।

### पूर्वी दिल्ली के निवासियों को परेशान कर रहे हैं केजरीवाल

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूर्वी दिल्ली के निवासियों को परेशान कर रहे हैं और क्षेत्र को विकास निधि देने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि यहां के लोगों ने अधिकतम भाजपा विधायकों और पार्षदों को चुना है। सचदेवा ने कहा कि पूर्व में निर्धारित नीति के अनुसार एमसीडी नई पार्किंग बनाने से पहले ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पार्षद की सहमति ली थी, लेकिन यहां केवेंटर्स मार्केट के लिए एमसीडी द्वारा किसी की भी सहमति नहीं ली गई है।

## दिल्ली सरकार का हास्य रंग उत्सव शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन विभाग मिलकर 'हास्य रंग उत्सव' और 'लाफ्टर वीकेंड' कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। 4 जनवरी तक चलने वाला हास्य रंग उत्सव मंगलवार से दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम शुरू हो चुका है। वहीं लाफ्टर वीकेंड कार्यक्रम 5 जनवरी से शुरू होगा और 6 जनवरी तक चलेगा। इन कार्यक्रमों में हास्य कलाकार सुनील ग्रोवर, अहसान कुरैशी और कवि अशोक चक्रधर, अशोक जेमिनी लोगों को हंसी-मजाक से लोटपोट करते नजर आएंगे। इस आयोजन के पीछे सरकार का मकसद लोगों का न केवल मनोरंजन करना है, बल्कि एक ऐसा माहौल देना है, जहां लोग सामूहिक रूप से एकत्र होकर खुशी का अनुभव कर सकें। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज के मुताबिक यह उत्सव केवल मनोरंजन के लिए नहीं है, बल्कि इससे आपस में मेलजोल और एकता बढ़ेगी और आने वाले समय के लिए सकारात्मक माहौल तैयार होगा।

## 22 जनवरी को 'रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा' के दिन को सार्वजनिक अवकाश की मांग

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में विभिन्न आश्रमों, समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ श्री राजमाता झंडेवालान मंदिर समूह के परमाध्यक्ष व दिल्ली संत महामंडल (रा.रा. क्षेत्र) के उपाध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद महाराज द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार से भारत वर्ष के नागरिकों के गौरव का प्रतीक अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिवस 22 जनवरी सोमवार की सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की है। स्वामी ने दिल्ली व केंद्र सरकार को पत्र लिखते हुए कहा है कि पूरे विश्व की नजर 22 जनवरी सोमवार रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मरणीय एवं अद्भुत समारोह पर लगी हुई है। बुद्धिजीवी वर्ग, आम -खास नागरिक इस महान महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए विभिन्न प्रांतों के साथ साथ विदेशों से भी इस महोत्सव में आने की तैयारी कर रहे हैं।

# 26 से 28 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा तीसरा सांसद खेल महोत्सव

*डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों की इस खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करें।

डीसी ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव 26 से 28 तक जनवरी फरीदाबाद और पलवल जिला में आयोजित किया जाएगा। विक्रम सिंह अपने कार्यालय फरीदाबाद और जिला के प्रशासनिक और खेल अधिकारियों को तीसरे सांसद खेल महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दे रहे थे। कहा कि इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों को भागीदार बनाया जाएगा। इस बार खेलों की संख्या और इनमें प्रतियोगिताओं के मद्देनजर खिलाड़ियों की संख्या 10 से 12 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा जाए। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएगी।

इस बार के सांसद खेल महोत्सव में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस 4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉटपुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी। इसके अलावा फुटबाल, बास्केटबाल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी नेशनल, कबड्डी सर्किल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, पैरा बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, तीरंदाजी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक



### खेल महोत्सव लोगों को खेलों से जोड़ने का माध्यम

खेल महोत्सव लोगों को खेलों के साथ जोड़ने का बहुत बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव में अंडर-14, अंडर-19 व उसके उपर के खिलाड़ियों के वर्ग को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी हडल एप पर 4 मार्च से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर-12 में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित डीएसओ कार्यालय में भी खिलाड़ी अपना आवेदन दे सकते हैं। बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सचिव किरणपाल खटाना, एडीसी फरीदाबाद आनन्द शर्मा, एडीसी पलवल साहिल गुप्ता, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, फरीदाबाद के जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, पलवल के जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार सैनी, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित सांसद खेल महोत्सव जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पब्लिक ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर दिखा

**गाजियाबाद।** पब्लिक ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी है।



जिसने यात्रियों की मुश्किल बढ़ा दी है। जनता को खासी परेशानियों का सामना कर पड रहा है। इस हड़ताल के समर्थन में गाजियाबाद ऑटो ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भी सड़क पर उतर आया। ट्रांसपोर्टर्स और ऑटो चालकों ने सड़क पर उतरकर चल रहे ऑटो, ई रिक्शा और भारी वाहनों को रुकवा दिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक में युवकों ने लगाई आग

**गुरुग्राम।** सेक्टर-९ए थाना एरिया में दो युवकों ने घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगाने का मामला



सामने आया है। वारदात को अंजाम देकर युवक मौके से फरार हो गए। वहीं बाइक धू-धूकर पूरी तरह जल गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। ओम प्रकाश ने बताया कि नए साल की सुबह घर से बाहर निकला तो बाइक जली हुई अवस्था में मिली।

### तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने बच्ची को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर 10 थाना एरिया में तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने घर से बाहर खेल रही तीन साल की बच्ची



को कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। श्याम कुमार ने बताया कि बेटी अमृता कमरे से बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार से आए लोडिंग ऑटो उसे कुचलते हुए निकल गया।

### गोदाम का ताला तोड़ स्क्रैप व 70 हजार चोरी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया में चोरों ने एक गोदाम का ताला तोड़कर करीब 70 हजार रुपए का



स्क्रैप चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। असरफ ने कहा कि उसके गोदाम में लोहा व अन्य स्क्रैप भरा हुआ था।

## प्रवर्तन टीम व पुलिस बल के साथ निरीक्षण करने पहुंची महापौर

# मंदिर तोड़ने व सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज

*स्थानीय लोगों से शिकायत मिलने पर वार्ड 55 बी ब्लॉक राधे श्याम हलवाई के सामने विजय नगर में निरीक्षण किया, जिसमें कुटी पर नगर निगम की 5000 वर्गमीटर भूमि पर प्राचीन शिव मंदिर बना हुआ है और एक अवैध डेरी, शेड बनाने के लिए पक्का निर्माण किया जा रहा था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल सेक्टर-12बी ब्लॉक में नगर निगम की प्रवर्तन की टीम लेकर खुद ही पहुंची और निरीक्षण किया। साथ ही प्राचीन शिव मंदिर तोड़ने वाले माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

महापौर ने बताया कि पिछले दिनों स्थानीय लोगों की शिकायत मिलने पर वार्ड 55 बी ब्लॉक राधे श्याम हलवाई के सामने विजय नगर में निरीक्षण किया था। जिसमे जानकारी मिली थी कि कुटी पर नगर निगम की पांच हजार वर्गमीटर भूमि है। जिसपर प्राचीन शिव मंदिर बना हुआ है और एक अवैध डेरी, शेड बनाने के लिए पक्का निर्माण किया जा रहा है व नगर निगम की पूरी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है।

मौके पर कागजात मांगने पर किसी ने कोई कागजात नही दिखाया, जबकि सिजरे में भूमि नगर निगम के पार्क की है। एनजीटी के निर्देशों के क्रम में किसी भी पार्क में कोई निर्माण नही किया जा सकता ।

**खास बातें**

- कागजात मांगने पर किसी ने नही दिखाए
- एनजीटी गाइडलाइन के अनुसार पार्क में कोई निर्माण नही किया जा सकता



### भव्य मंदिर के साथ खाली जमीन पर पार्क व बारात घर बनाए जाएंगे

महापौर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उन भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज के निर्देश दिए और नगर निगम की टीम एवं पुलिस व सम्पूर्ण दस्ते के साथ मौके पर पहुंची। सूचना मिली कि प्राचीन शिव मंदिर को भूमाफियाओं द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है। महापौर ने देखा कि पूरे पार्क पर कब्जा करने की साजिश की जा रही है और अवैध निर्माण किया जा रहा है और जिनको स्वम डेरी, शेड एवं पक्का निर्माण हटाने की अपील की थी लेकिन किसी ने नहीं हटाए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस भूमि की चार दीवार बनाकर पार्षद के सहयोग से मंदिर समिति बनाई जाए और भव्य मंदिर का निर्माण किया जाए। उसके अतिरिक्त भूमि पर बारात घर या पार्क विकसित किया जाए, जिससे भूमि कब्जा न किया जा सके। एफआईआर मोहित बैसला, राजेन्द्र चतुर्वेदी, विपिन, मनीष, विजय, चंद्रकला गौतम, बाबू मुन्ना को नामजद किया गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद में कैंद्रीय मंत्री ने कहा

# उद्यम के लिए तीन लाख तक का लोन, 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर सेक्टर-8 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सीएम ने अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। आयुष्मान योजना के तहत देश में 5 लाख रुपए की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में सीएम मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोड़कर गरीब परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। देश के 11 करोड़ किसानों को 6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया।

11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। वही अपना खुद काम से रोजगार करने वाले लोगों को 3 लाख तक का लोन सस्ती दर पर दिया जा रहा है। चार करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवा गए हैं। देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को 10 हजार से लेकर के 50 हजार तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच इत्यादि योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है।

### लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा भेंट कर किया जनसंवाद

इस मौके पर मंत्री ने सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा भेंट कर लोगों संग जनसंवाद भी किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

## दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती

# छेड़छाड़ पीड़ित महिला के पति ने थाने में किया आत्मदाह का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

छेड़छाड़ की शिकार महिला के पति ने लोनी बॉर्डर थाने में पुलिसवालों के सामने ही खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगाते देख आस-पास अफरातफरी मच गई। पुलिसवालों ने कंबल डालकर आग बुझाई, लेकिन इससे पहले ही वह बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर है। उनका आरोप है कि छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने के बजाय खानापूरी की। उन्होंने यह भी कहा कि थाने का स्टाफ आरोपियों का ही पक्ष ले रहा है।

### आरोपी ने लोगों को बुलाकर पति पिटाई करवाई

आरोप है कि रामपाल ने कह दिया कि कॉलोनी छोड़कर कहीं और चले जाओ, वहां पत्नी सुरक्षित रहेगी। पति का कहना है कि रामपाल ने कुछ लोगों को बुलाकर उनकी पिटाई करवाई। पत्नी बचाव के लिए पहुंची तो उसे भी पीटा। पत्नी के हाथ की हड्डी टूट गई और गर्भपात भी हो गया। उन्होंने इसकी तहरीर थाने में दी लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया। इस पर वे पुलिस आयुक्त से मिले। तब जाकर रिपोर्ट दर्ज की गई। महिला के पति का कहना है कि 25 दिसंबर को एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने शांति भंग में चालान काटकर खानापूरी कर ली। आरोपी खुले घूम रहे हैं।

**एक शाम भोले के नाम कार्यक्रम :** फरीदाबाद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोले नाथ की कृपा से जय शंकर, जय शिव सेवा मंडल एवं मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 15 द्वारा एक शाम भोले के नाम मधुर भजन संध्या का आयोजन सैक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सैन्टर में किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री मनोहरलाल के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह, लखन सिंगला, सुमित गौड, पूर्व पार्षद योगेश ढींगरा, आर के विज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | टर्नकी आधार पर एचएसआईआईडीसी एक डिपॉजिट वर्क के तौर पर एनपीआर के पार एचवीपीएनएल की 400 0केवी दौलताबाद सेक्टर-72 लाइन की मौजूदा आरओडब्ल्यू तथा सीपीआर की ग्रीन बेल्ट के पार डी/सी टावर्स और कॉमन एम/सी टावर्स पर एचएसआईआईडीसी के ग्लोबल सिटी प्रोजैक्ट से डीटीएल की 400 केवी डी/सी बामनौली-तुगलकाबाद लाइन तथा 400 केवी डी/सी दौलताबाद सेक्टर-72 लाइन ओजी एचवीपीएन के पार्ट सेक्शन की शिफ्टिंग / रि-रूटिंग। | 29.12.2023 12.02.2024 | ईएमडी 371.43 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23859/1/88/7 दि. 02.01.24

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **कासिम उर्फ मुन्ना** पुत्र असलम निवासी फईम का मकान, गली नं. 8, चौहान बांगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 110/2017 धारा 392/411/34 भा.द.सं.** थाना जफराबाद, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कासिम उर्फ मुन्ना** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कासिम उर्फ मुन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **कासिम उर्फ मुन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.02.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–05
कमरा नं 48, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15040/NE/2023
(Court Notice)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नूह हरियाणा | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में लॉंड्री सर्विसेज का आउटसोर्स। | 10.01.2024 18.01.2024 | 40000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नूह हरियाणा | बीएमडब्ल्यू हेतु ऑटोमेटेड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम एडब्ल्यूसीएस 2.0 सहित क्यूआर कोड स्टीकर्स की खरीद के लिए निविदा। | बंद होने की तिथि 10.01.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नूह हरियाणा | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में एसटीपी 850 केएलडी के स्पेयर पार्ट्स और अपेक्षित कंज्यूमेबल समेत वार्षिक व्यापक रखरखाव व प्रचालन। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में आईपीबी और साइड ड्रेन्स सहित गलियों की पेवमेंट जैडपी + 1 कार्य। | 29.12.2023 04.01.2024 | 49.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सांपला, रोहतक | आरडी 0 से 9750 नवम्बर 2023 न्यू तक रोहद माइनर की आंतरिक सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 18.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद करनाल | गांव रत्ताक ब्लॉक असंध में पंचायत भवन का निर्माण। | 30.12.2023 20.01.2024 | 35.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज करनाल | निराश्रित वृद्ध व्यक्तियों अपना आशियाना आश्रम, जन दल, इन्दिरा कॉलोनी, जुंडला गेट के सामने, करनाल हेतु हॉल का निर्माण। | 29.12.2023 05.01.2024 | 7.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक तोशाम, गांव बुशान। श्रीराम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी में निर्माण कार्य (एमपीएलएडी स्कीम) + 1 कार्य। | 29.12.2023 12.01.2024 | 56.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | एम.पी. एलएडी - गांव बारडू चैना ब्लॉक लोहारु में केदारनाथ आश्रम के लिए जीपी भूमि पर हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 29.12.2023 05.01.2024 | 29.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा अपेक्षित अनुसार फील्ड वैटरीनरी इंस्टीट्यूशंस में वितरण के लिए आयुर्वेदिक पशु चिकित्सा औषधियों की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 03.01.2024 01.02.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा अपेक्षित अनुसार फील्ड वैटरीनरी इंस्टीट्यूशंस में वितरण के लिए ऐलोपैथिक पशु चिकित्सा औषधियों की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 03.01.2024 01.02.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज झज्जर | गांव कुलाना में ग्राम सचिवालय में चौकीदार कमरे का निर्माण + 30 कार्य। | 27.12.2023 05.01.2024 | 527.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज झज्जर | गांव तलाव, बिलोचपुरा, रईया, शाहजांपुर, रणखांडा, ब्लॉक झज्जर में 5 अदद एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 31 कार्य। | 27.12.2023 05.01.2024 | 212.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में रेलवे स्टेशन अप्रोच रोड पर आरडी 0.75 से 1.34 कि.मी. तक 25 मिमी मोटी मैस्टिक एस्फाल्ट और 80 मिमी आईपीबी, आरडी 0.00 से 0.75 कि.मी. बर्म्स पर 80 मिमी आईपीबी पुनः बिछाना और सीसीपी सहित चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एस/आर। (कार्य कार्यक्रम 2022-23 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 13.01.2024 | 191.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8851491777 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/280/23874/I/88/7 दि. 02.01.24


## बाइक, चोरी की गई स्टील प्लेट्स व 16 हजार की नगदी बरामद

# वेयरहाउस से चोरी के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना क्राइम ब्रांच ने वेयरहाउस से लाखों का सामान चोरी करने के मामले में छह आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई एक बाइक, चोरी की गई स्टील प्लेट्स व 16 हजार 800 रुपए की नगदी बरामद की है।

दरअसल, भोंडसी थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि घामडोज टोल प्लाजा के निकट उसके वेयरहाउस से इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक का सामान चोरी हो गया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में सोहना क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश की टीम ने कार्यवाही करते हुए छह आरोपियों को गांव गढ़ी मुरली से काबू कर लिया।

आरोपियों की पहचान यूपी के बरेली निवासी सौरभ, असद, इरफान, नूर हसन, सलमान, यूपी के असद नगर निवासी नियाजुउद्दीन व यूपी के ही गाजियाबाद निवासी इकरमुदीन के रूप में हुई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सलमान, सौरभ व इरफान ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद चोरी किए समान को अपने साथी कबाड़ी नूर हसन, नियाजुद्दीन व इकरमुदीन को बेच दिया था। लंबे समय तक यह गिरोह इसी तरह चोरी कर रहा था।

**सीएम मनोहर बोले**
रोडमैप तैयार करें अफसर, गांवों में मांग के अनुसार बनेंगी नर्सरियां

# प्रदेश में सिंगल स्पोर्ट्स के लिए बनेगी नई पॉलिसी स्पेशलाइज्ड हाई पावर परफॉर्मेंस सेंटर भी खुलेंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** खेलों के क्षेत्रों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हरियाणा में अब गांव-गांव तक खेल आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं की खेल प्रतिभाओं को बचपन से तराशा जा सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र अनुसार लोकप्रिय खेलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्पेशलाइज्ड हाई पावर परफोरमेंस सेंटर खोलने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन केंद्रों में केवल एक ही खेल यानी सिंगल स्पोर्ट्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि युवा अपनी-अपनी रूचि के अनुसार उस खेल में पारंगत हो सके और प्रदेश व देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर सकें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस संबंध में चंडीगढ़ में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की।



**लोकप्रियता के हिसाब से ट्रेनिंग :** मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर क्षेत्र में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना है, इसके लिए बेहद जरूरी है कि क्षेत्र अनुसार जहां-जहां जो खेल लोकप्रिय हैं, वहां उन खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव में लोकप्रिय खेलों व मांग के अनुसार स्पोर्ट्स नर्सरियां भी बनाई जाएं, ताकि बच्चों की बुनियाद बचपन से ही मजबूत बन सके।

### पदक विजेता खिलाड़ी दें ट्रेनिंग

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पदक विजेता खिलाड़ी, जो आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन पॉलिसी के तहत नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें भी प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने खेलों में युवाओं को प्रतिभावान बनाने के लिए स्पोर्ट्स नर्सरियों का संचालन करें। खेल विभाग द्वारा स्पोर्ट्स पर्सन की सूची तैयार की जाए, जिनमें लोकप्रिय तथा छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल हों।

### हुनरमंद की खोज करें

सीएम ने कहा कि कई बार छोटे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिल पाता, इसलिए सरकार ऐसे खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का पूरा मौका देगी, ताकि कोई भी हुनरमंद खिलाड़ी पीछे न रहे। ऐसे खिलाड़ियों को उनके खेल के अनुसार ट्रेनिंग मुहैया करवाने पर भी पूरा फोकस किया जाएगा।

**बच्चों की बुनियाद बचपन से ही मजबूत बनाई जाए**

### पोर्टल पर डाटा अपलोड

मीटिंग में बताया गया कि जीआईएस हरियाणा पोर्टल पर राज्य में उपलब्ध स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूरा डाटा अपलोड कर दिया गया है। वर्तमान में 11 स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य विभिन्न स्तर पर निर्माणाधीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय कॉलेजों में स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, इसलिए खेल विभाग द्वारा इसका उपयोग किया जा सकता है।

## राम और अल्लाह एक, 22 जनवरी तक करूंगी पूजा, पीएम

**अलीगढ़।** राम मंदिर निर्माण की मनोकामना पूरी होने के उपलक्ष्य में अलीगढ़ की रहने वाली मुस्लिम महिला ने बड़ा कदम उठाते हुए घर में राम दरबार की स्थापना की है। उन्होंने राम दरबार की 22 जनवरी तक पूजा पाठ करने की बात कही है।

रूबी आसिफ खान ने बताया कि उन्होंने राम मंदिर का जल्द से जल्द निर्माण के लिए प्रार्थना की थी और प्रण लिया था कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने तक वे घर में ही राम दरबार की स्थापना कर पूजा पाठ करती रहेंगी।

**खबर संक्षेप**

### बाप ने बेटी और उसके प्रेमी को फावड़े से काटा



**बदायूं।** बदायूं जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परौली में मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे ऑनर किलिंग की वारदात हो गई। पिता ने अपनी 19 वर्षीय बेटी नीतू और उसके 20 वर्षीय प्रेमी सचिन की फावड़े से काटकर हत्या कर दी और खुद फावड़ा लेकर थाने में सरेंडर हो गया। ग्राम परौली निवासी सचिन पुत्र सूरजपाल हिमाचल प्रदेश में काम करता था। उसका से गांव की ही नीतू पुत्री महेश से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### आग में जलकर पति-पत्नी समेत 4 की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय के बछवारा थाना क्षेत्र में अरवा पंचायत के वार्ड नंबर 8 के एक मकान में



लगी भीषण आग में पति-पत्नी और दोनों बच्चों समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। रविवार मध्य रात्रि को सभी लोग घर में सो रहे थे। अचानक आग लग गई। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते आग ने अपनी जद में पूरे घर को ले लिया था। पति-पत्नी दोनों बच्चों के साथ घर में ही सो रहे थे।

### जमीन धसने से चार घर जमींदोज

**कतरास।** धनबाद स्थित कतरास क्षेत्र के लकड़का मोहल्ले में भू-धसान में चार लोगों का घर



जमींदोज हो गया। घर का सारा सामान जमीन के नीचे समा गया। आधा दर्जन बकरियां जिंदा दफन हो गईं। गनीमत थी कि समय रहते सभी लोग घर से बाहर निकल आए। सुबह छह बजे अचानक घर के अंदर दीवार फटने की आवाज आई।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा

# अद्भुत, अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय होगा श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**सीएम योगी ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अद्भुत, अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं।**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अद्भुत, अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की।

सीएम ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम उस प्रदेश में निवासरत हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही यूपी की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए सुअवसर मिला है।

### श्रीराममंदिर 'राष्ट्रमन्दिर' के रूप में सामाजिक एकता का प्रतीक

सीएम योगी ने कहा कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की बहुप्रतीक्षित साध पूरी होने में अब कुछ ही दिवस शेष हैं। यह श्रीराममंदिर 'राष्ट्रमन्दिर' के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/ प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह सब अभूतपूर्व है। भावुक करने वाला है।

**खास बातें**

- यूपी की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर
- समारोह हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर
- स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं
- विभिन्न भाषाओं में सूचना प्रसारित हों।





### श्रद्धालुओं के उत्कृष्ट आतिथ्य की व्यवस्थाएं करें

सीएम योगी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु/ पर्यटक अवधपुरी आएंगे। यूपी आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति हो, इसके लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गणमान्य जनों का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जानी चाहिए। श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं।

### सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का ध्यान रखें

सीएम ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों/ श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जनसहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी। आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सभी को इस पर काम करना होगा। जनसहयोग लें। अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात करें। मुख्य मार्ग हो या कि गलियां धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो।

### विभिन्न भाषाओं में लगाएं साइनेज

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की नौ भाषाओं में साईनेज हों। प्रयागराज-अयोध्या,गोरखपुर-अयोध्या, लखनऊ-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या मार्ग पर स्मार्ट साइनेज लगाये जाएं। विभिन्न भाषाओं में सूचना प्रसारित हो। इन मार्गों पर अतिक्रमण कतई न हो। स्वच्छता हो। रेहड़ी-पटरी व्यवसायी न हो। क्रेन, एम्बुलेंस की उपलब्धता हो। इसके लिए सीएम कार्यालय द्वारा संबंधित जनपदों को निर्देशित किया जाए।

### अयोध्या को बस सेवा से जोड़े

योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अयोध्या आगमन के लिए प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ से वॉल्वो बसों और हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने के लिए तैयारी करें। अयोध्या में तीन हेलीपैड तैयार हैं, इनका समुचित उपयोग होना चाहिए। अयोध्या आगमन के लिए निकटस्थ 06 रेलवे स्टेशन हैं। परिवहन विभाग द्वारा इन स्टेशनों से समन्वय बनाते हुए यहां उतरने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को सुविधाजनक ढंग से गंतव्य तक पहुँचाने के लिए अच्छी बसों की व्यवस्था स्थायी रूप से की जानी चाहिए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कराएं

योगी ने कहा कि अयोध्या में देश-विदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कराई जाएं। प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित हो। वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद सरयू जी की आरती की परंपरा प्रारंभ कराई गई। इसे और व्यवस्थित और आकर्षक बनाए जाने की आवश्यकता है। अर्चकों का प्रशिक्षण भी कराया जाना चाहिए। सरयू जी में नावों पर 'सांस्कृतिक कला नौका यात्रा' का आयोजन किया जाना चाहिए। मकर संक्रान्ति से प्रदेश के सभी आध्यात्मिक स्थलों व मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन कराया जाए।

### अनवरत भजन कीर्तन, रामायण पाठ हो

सीएम ने कहा कि अयोध्या के मंदिरों 14 से 24 मार्च 2024 भजन कीर्तन, अनवस्त रामायण / रामचरित मानस का पाठ/ सुंदरकांड आदि के कार्यक्रम भी आयोजन कराया जाना चाहिए। रामायण श्रीराम जी के जीवन पर आधारित एक अद्भुत अमर कहानी है, जो हमें भक्ति, कर्तव्य, रिश्ते, धर्म और कर्म के सही मायने सिखाती है। देश-विदेश में कई कथा वाचकों द्वारा रामकथा के विभित्र प्रसंगों के माध्यम से जनमानस के मध्य श्रीराम के आदर्शों को स्थापित किया जा रहा है। ऐसे कथा वाचकों द्वारा राम की नगरी अयोध्या जी में प्रवचन एवं रामकथा की सरिता प्रवाहित हो।

### रामलीलाओं की प्रस्तुति कराएं

योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम के परंपरागत रूपों पर आधारित देश के विभिन्न प्रान्तों/विभिन्न देशों में होने वाली रामलीलाओं की प्रस्तुति कराई जाए। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हिमांचल प्रदेश उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मूकश्मीर, लद्दाख एवं चंडीगढ़ आदि प्रदेशों में इसकी समृद्ध संस्कृति है। नेपाल, कम्बोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि की रामलीला मंडलियों को भी आमंत्रित किया जाए। अयोध्या जी में भजन संध्या मंच पर देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रभु श्रीराम जी पर आधारित भजनों का गायन हो।

### *सेफ सिटी परियोजना लागू करें*

*योगी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा उसके बाद अयोध्या में सतत रूप से पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। सेफ सिटी की परियोजना को बिना देरी तत्काल लागू करें। सीसी टीवी कैमरे लगवाएं। 22 जनवरी से पहले अयोध्या की आईसीसीसी एक्टिव करें। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की हॉस्पिटैलिटी की उत्कृष्ट सुविधा होनी चाहिए।*

### *अयोध्या का टूरिस्ट एप बनाएं*

*सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या का एक डिजिटल टूरिस्ट एप विकसित करें। उसमें अयोध्या में मौजूद सभी आधारभूत सुविधाओं एवं प्रमुख स्थलों की जानकारी वॉक थ्रू के माध्यम से उपलब्ध हो।*

## पेज एक का शेष

### ड्राइवरों की 'हड़ताल' ...

सब्जियां, गैस व दूध की सप्लाई बाधित हो गई थी। अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से बैठक के बाद केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि नए कानून की धारा के तहत अभी कार्रवाई नहीं होगी। अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस के अध्यक्ष अमृत लाल मदन ने गृह सचिव के साथ बैठक के बाद गतिरोध खत्म करने की अपील की। उन्होंने ड्राइवरों से कहा कि आप सिर्फ हमारे ड्राइवर नहीं, सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया है कि सरकार, कानून के तहत 10 साल की सजा और जुर्माने के प्रावधान पर रोक लगाएगी। केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात के बाद ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृत लाल मदान ने कहा कि आप सिर्फ हमारे ड्राइवर नहीं हैं, आप हमारे सैनिक हैं। हम नहीं चाहते कि आपको किसी असुविधा का सामना करना पड़े। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बातचीत तक कानून को होल्ड पर डाल दिया है और 10 की सजा और जुर्माना अभी लागू नहीं होगा, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की अगली बैठक होने तक कोई कानून नहीं लगाया जाएगा।

### देशभर में हड़ताल...

कतारें देखी गईं है। लगभग 1 लाख ट्रक हैं जो तेल कंपनी डिपो से पेट्रोल पंप और गैस वितरण एजेंसियों तक पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ एलपीजी भी पहुंचाते हैं। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि अगर हड़ताल लंबी खिंचती है, तो एलपीजी आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। ट्रांसपोर्ट के एक संगठन ने दावा किया है कि इसके खिलाफ ट्रक ड्राइवर्स की हड़ताल से मध्य प्रदेश में लगभग पांच लाख वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र के नासिक में आश्वासन मिलने के बाद कुछ ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है।

### राम मंदिर के दर्शन ...

दर्शन करवाना है। इस दौरान किसी भी तरीके का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इन 50 हजार लोगों की रुकने की व्यवस्था अयोध्या में भाजपा नेताओं की तरफ से की जा रही है। श्रद्धालुओं के अयोध्या आने के लिए रोजाना 35 ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, ये ट्रेनें 430 शहरों से चलाई जाएंगी। वर्तमान में 37 ट्रेनें रोजाना अयोध्या से गुजर रही हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि भाजपा हर बूथ से आम लोगों को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए लोगों को भेजेगी। सभी लोग अपने पैसे से ही दर्शन करने जाएंगे। भाजपा नेता सिर्फ़ सहयोग और व्यवस्था करेंगे, जिसके लिए राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक नियुक्त किया गया है। नड्डा ने यह भी कहा कि राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले लोग भाजपा के झंडे का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

### एक ही नाव में सवार...

का मानना है कि आप का अभियान राजनैतिक दांवपेंच से ज्यादा कुछ नहीं है और ऐसा हो पाता तो मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन भी जेल से ही मंत्रालय संभाले रहते उनको इस्तीफा देने की जरूरत ही क्यों पड़ती। गौरतलब है कि केजरीवाल को 2 नवंबर और 21 दिसंबर को पेश होने के लिए नोटिस दिया था। लेकिन दोनों ही तारीखों पर अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया था। पहला नोटिस तब आया था जब उन्होंने कहा था कि उन्हें विधानसभा चुनाव प्रचार में जाना है और दूसरा नोटिस तब आया, जब उन्हें विपश्यना के लिए पहले से जाना तय था।

अटकलों का बाजार गर्म है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में लालू राबडी फार्मूले को लागू करने की जुगत में हैं। कई साल पहले जब बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पहली बार जेल गए थे तो उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को अपनी पार्टी के विधायक दल की नेता बनवा दिया था। फिर राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री बनकर बिहार में शासन किया था। उधर,झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी अपने बयान में कहा है कि हेमंत सोरेन द्वारा गांडेय विधानसभा क्षेत्र से सरफराज अहमद को इस्तीफा दिलवाने का फैसला परिवारवाद की मानसिकता से ग्रसित है। हेमंत आनन-फानन में अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। साथ ही मरांडी ने कहा है कि राज्य में संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा है। सीएम जेल जाने से पहले पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं। अब राज्य में उप चुनाव नहीं हो सकता। राज्य की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में राज्यपाल विधिवेत्ताओं के परामर्श से विधिसम्मत निर्णय लें ताकि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो सके। देखना ये है कि हेमंत सोरेन अपनी पत्नी को राज्य की मुख्यमंत्री बनवाने का दांव चलते हैं या फिर अपनी पार्टी के किसी विधायक को सीएम पद पर बैठाने का फैसला लेते हैं। विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद इन अटकलों ने जोर पकड़ा है कि सोरेन सीएम की कुर्सी अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सौंपना चाहते हैं। चर्चा यह भी है कि अगर उन्होंने ऐसा करने का फैसला लिया तो उनकी पार्टी में टूट हो सकती है और कुछ विधायक बगावत कर सकते हैं। जाहिर है सोरेन के लिए यह राह आसन नहीं होगी। झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 30, कांग्रेस ने 16 और राजद ने एक सीट गठबंधन में रहते हुए जीती थी। भाजपा ने 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। बाकी सीटें छोटे दलों और निर्दलीय के हिस्से आईं थी। झारखंड विधानसभा में 81 सीटें हैं और किसी भी पार्टी को सरकार चलाने के लिए 41 सीटें चाहिए। सरफराज के इस्तीफे के बाद एक सीट रिक्त हो गई है। चर्चा है कि हेमंत के कहने पर सरफराज ने इसीलिए इस्तीफा दिया है कि कल्पना सोरेन आवश्कता पड़ने पर उनकी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकें। आम आदमी पार्टी में भी अंदरखाते ये सवाल उठ रहा है कि केजरीवाल को अगर जेल जाना पड़ा तो अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। एक चर्चा ये भी है कि ऐसी सूरत में केजरीवाल अपनी पत्नी सुनिता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनवाने का प्रयास करेंगे। वे खुद नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर अपनी पत्नी को विधानसभा चुनाव लड़वा सकते हैं या किसी अन्य विधायक को इस्तीफे के लिए राजी कर सकते हैं। ऐसा करने की बजाय अगर अरविंद केजरीवाल को वर्तमान विधायकों में से ही किसी मुख्यमंत्री बनवाने का फैसला लेना पड़ा तो मंत्री आतिशी सबसे बड़ी दावेदार बतायी जा रही हैं।

### पुलिस, सेना और...

डुल्लू, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के डीजी दिनकर गुप्ता, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशकों सहित गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर के अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी मौजूद थे।

**पिछले साल हुए कई आतंकवादी हमलेः** पिछले साल 21 दिसंबर को दोपहर करीब 3.45 बजे राजौरी के पुंछ क्षेत्र में डेरा की गली से गुजर रहे सेना के दो वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद शुरू हुई मुठभेड़ में चार सैनिकों के मारे जाने और तीन के घायल होने के कुछ दिनों बाद यह बैठक आयोजित की गई। वहीं, पिछले साल नवंबर में, सेना और उसके विशेष बलों द्वारा राजौरी के कालाकोट में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने के बाद कार्रवाई में दो कैप्टन सहित पांच सैनिक भी मारे गए

### महिला कर्मी पेंशन...

की जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है। नियमों के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के जीवन साथी के पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चे/बच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है। यह संशोधन एक महिला सरकारी कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन पति के बजाय उसके पात्र बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है।

**पहले था ये नियमः** यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के परिवार में पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन पहले पति या पत्नी को दी जाती है। नियमों के अनुसार, परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए तभी पात्र हो पाते हैं, जब मृतक सरकारी सेवक/पेंशनभोगी का जीवनसाथी पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है।

### सामाजिक समरसता...

सिर्फ योग्यता के आधार पर किया गया है। स्वामी रामानंद ने कहा था जाति पाति पूछे न कोई, हरि का भजे सो हरि का होई... प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही समाज को भी एक नया संदेश देने के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह पहल की है।

### हनुमानजी के वैदिक ध्यान...

सीता ध्यान मंत्र और भरतजी का ध्यान मंत्र। सामान्यतः लोगों को इसका ध्यान नहीं रहता। पहले चरण में संध्या वंदन, नाम, गोत्र, शाखा, प्रवर, दूसरे चरण में आचार्य की डिग्री के अनुसार प्रश्न पूछे गए।

नीतीश सरकार को 'सुप्रीम' आदेश

# जाति सर्वे का विवरण सार्वजनिक करना होगा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सीएम नीतीश कुमार की सरकार ने जाति सर्वेक्षण कराया है। इसके आंकड़े और विवरण सार्वजनिक करने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश सुनाया है। अदालत ने कहा कि सरकार को जाति के आधार पर कराए गए सर्वे का विवरण सार्वजनिक करना होगा। इसका विवरण सार्वजनिक करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर हुई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि जाति सर्वेक्षण का 'डेटा ब्रेकअप' सार्वजनिक किया जाए। अदालत ने कहा, मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी।

### चुनौती देने के लिए आंकड़े होने चाहिए

शीर्ष अदालत ने कहा, बिहार में कराए गए जाति सर्वेक्षण का डेटा जनता को उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित है। अगर कोई व्यक्ति सर्वेक्षण के किसी विशेष निष्कर्ष को चुनौती देना चाहता है तो उसके पास सर्वेक्षण का डेटा होना चाहिए।

### अंतरिम राहत देने से इनकार


सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, अंतरिम राहत का कोई सवाल ही नहीं उठता। उच्च न्यायालय का आदेश राज्य सरकार के फैसले के पक्ष में है। डेटा सार्वजनिक डोमेन में डाला जा चुका है। अब केवल दो-तीन पहलू बचे हैं। पहला कानूनी मुद्दा है। दूसरा सवाल उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता का है। तीसरा सवाल, सरकार की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण की वैधता का है।

## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




**मुंबई।** पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



# नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

**मुंबई।** 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

लाइफ Style

# अदिति सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# बीच किनारे चिल करती दिखीं

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




# पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



# इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुई ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



# करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

## टीवी मसाला

# पलक की पर्सनल चैट लीक


**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



## मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना

# जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे।




फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

***ये 2 फिल्में भी चर्चा में :*** *रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलने हॉस्पिटल पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को नवंबर-दिसंबर महीने में बस्तर इलाके में आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलने एक निजी हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान घायल जवानों का कुशलक्षेम पूछा। उनका हाल-चाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टर्स से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ पुलिस के 4 जवान अरविंद एक्का, कुंजाम जोगा, रोशन हिकमी और सुरेश कुमार मिच्छा, सीआरपीएफ के जवान इंद्रजीत प्रसाद सिंह और मणिकांदन का इलाज चल रहा है। इस दौरान शर्मा ने घायल जवानों से कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता आदि की जरूरत हो तो उनसे सम्पर्क कर सकते हैं।



### कैबिनेट की पहली बैठक आज, रामलला दर्शन योजना पर लगेगी मुहर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद बुधवार को नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में सीएम विष्णुदेव साय कैबिनेट की तीसरी अहम बैठक होगी। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद साय सरकार की ये पहली कैबिनेट बैठक है। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसलों पर निर्णय लिए जा सकते हैं। इस बैठक में साय सरकार रामलला दर्शन योजना पर मुहर लगा सकती है। इसके अलावा बैठक में राज्य सरकार प्रदेश में सीबीआई के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध भी हटा सकती है। राजिम पुन्नी मेले को फिर से अर्ध कुंभ का दर्जा देने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इससे पहले विष्णुदेव साय कैबिनेट की दो बैठकें हो चुकी हैं, हालांकि इन दोनों बैठकों में सीएम विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ही शामिल हुए थे।

# चार मंत्रियों ने संभाला कार्यभार, सभी ने अपनी प्राथमिकता बताई



**काम की शुरुआत**

मंत्री पटेल, सिंह काश्यप, सिलावट और प्रतिमा ने संभाला कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मंत्रिमंडल के विभाग बंटवारे के बाद सोमवार को चार मंत्रियों ने अपना कार्यभार संभाल लिया। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय वल्लभ भवन एनेक्सी 3 के कक्ष क्रमांक 216 ई, में कार्यभार ग्रहण किया।



**काश्यप ने किया पदभार ग्रहण**

**मोदी की गारंटी के अनुसार करेंगे काम: बागड़ी**



इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, तुलसी सिलावट व राज्य मंत्री प्रतिमा बागड़ी ने मंत्रालय में अवंटित कक्षों में कार्यभार संभाला। बागड़ी ने कहा कि मोदी की गारंटी हम सभी के लिए सर्वोपरि है। उसी अनुसार काम करना है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मंत्री काश्यप ने सोमवार को मंत्रालय में विधि विधान से पूजन कर विभाग में पदभार ग्रहण किया।

### ग्रामीण विकास और श्रम विभाग की समीक्षा की

# रोडमैप तैयार कर 100 दिन में हासिल करें लक्ष्य: पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए रोडमैप तैयार कर 100 दिन में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए है। मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासी महान्याय अभियान को और गति दी जाएगी।

पटेल ने सोमवार को मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय समीक्षा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद थी। मंत्री पटेल ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

**लेबर केस 100 दिन में पोर्टल पर अंकित होंगे**

मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश की सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शौचालय बनाने के लिए अलग से राशि मिलेगी। मनरेगा में निर्माण संबंधी मजदूरी भी मिलेगी। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री पटेल ने लेबर केसेस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर सभी प्रकरणों को 100 दिनों में दर्ज कराने के भी निर्देश दिए।

**विशेष पिछड़ी जातियों की 100 की आबादी पर सड़क बनेगी**

मंत्री पटेल ने रोडमैप तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति के लोगों की 100 मकान की आबादी होने पर भी सड़क निर्माण का कार्य सुनिश्चित कराएं। मंत्री पटेल ने जल्द ही पदनाम परिवर्तित कर जल्द ही रिक्त पदों की पूर्ति करने के लिए कहा। बैठक में स्पष्ट किया कि श्रम कानूनों को बेहतर बनाने के कार्य करेंगे। जो लक्ष्य तय किए है, उन्हें 100 दिन के पहले हासिल करेंगे।

### *खरगोन में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया*

# जनकल्याण और विकास की योजनाएं बंद नहीं होंगी, आवश्यक धनराशि का प्रबंध किया:सीएम



*खरगोनवासियों ने रोड शो में उत्साह के साथ ढोल-ढमाके, जनजातीय नृत्य और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रोड शो में महिला, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागी थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यह भी साफ कर दिया कि प्रदेश में चल रही जनकल्याण और विकास की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहेगा। कोई भी योजना बंद नहीं होगी। आवश्यक धनराशि का प्रबंध कर सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर किसी को कोई शंका करने की जरूरत नहीं है। सभी योजनाओं को संचालित किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने खरगोन में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का बटन दबाकर शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को खरगोन के नवग्रह मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने नवग्रह मेले का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ भी किया।

शासकीय गतिविधियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम ने 132 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे नवग्रह मेले का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ भी किया



**रोड शो में बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं, युवा और बुजुर्ग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड शो में सम्मिलित होते हुए नवग्रह मेला ग्राउंड पहुंचे। खरगोनवासियों ने रोड शो में उत्साह के साथ ढोल-ढमाके, जनजातीय नृत्य और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रोड शो में महिला, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागी थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों एवं संस्थाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। रोड शो के बीच एक बालिका ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक किया।

**नवग्रह मेला क्षेत्र के विकास के लिए 25 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए**

डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। दक्षिण से आने वाले रेल मार्ग को निमाड़ क्षेत्र से ले जाने के लिए नया ट्रैक विकसित करने के प्रस्ताव पर रेल मंत्री से चर्चा हुई है। इस क्षेत्र में विकसित हो रहे फोर लेन से विकास के द्वार खुलेंगे। डॉ. यादव ने नवग्रह मेला क्षेत्र के विकास के लिए 25 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं।

**प्रदेश से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा**

डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में मालवा-निमाड़ के क्रांतिकारियों का अमूल्य योगदान रहा है। टंट्या मामा और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान से ही स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त हुआ। लोकतांत्रिक व्यवस्था ने गरीब परिस्थिति के प्रतिभावान व्यक्तियों को देश की बागडोर संभालने का अवसर प्रदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना देकर देश के विकास को गति प्रदान की। अब देश नई व्यवस्था से जुड़ने जा रहा है। राजा के रूप में जनसेवक और आदर्श पुत्र के प्रतिमान भगवान श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजेंगे, इस अद्भुत और अविस्मरणीय पल का संपूर्ण विश्व साक्षी होगा। मध्यप्रदेश से जिन-जिन मार्गों से श्रद्धालु अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे, उन सभी मार्गों पर फूल बिछाकर श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा।

# जीतू की टीम में भर्ती होंगे नए चेहरे, फ्रंट पर खड़े नजर आएंगे गोर्की, गौरव और कुणाल

*लोस चुनाव के पहले जनवरी में ही टीम बनाने की चुनौती, बुजुर्गों से पटवारी लेंगे मार्गदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में प्रदेश नेतृत्व की कमान जीतू पटवारी को मिलने के बाद अब उनकी टीम को लेकर चर्चा हैं। उनकी टीम में बिलकुल नए चेहरों के सामने आने की संभावना है और इनमें वे चेहरे होने की संभावना जताई जा रही है जो युवा के साथ तकनीकी समृद्ध होंगे।अब प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी नई टीम बनाने के लिए कवायद कर रहे हैं और उनका कहना है कि जल्द ही पूरी पीसीसी बदली हुई नजर आएगी।

बता दें कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार मिलने के बाद बुजुर्ग नेताओं को मुख्य धारा से अलग करते हुए कांग्रेस हाईकमान ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। इसके तहत पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को कमान सौंपी तो नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूर्व मंत्री उमंग सिंगार को कमान दी गई है। उनके साथ विधानसभा में उप नेता की जिम्मेदारी भी अपने पिता से सरकार को सदन के भीतर घेरने की बारीकियां सीख चुके दो बार के विधायक हेमंत कटारे को हाईकमान ने आगे बढ़ाया है।

**पटवारी की टीम में तकनीक, हुनरमंद युवा**

*बताया जा रहा है कि जीतू पटवारी अपने जैसे ऊर्जावान युवाओं की टीम को लेकर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी करेंगे और इसके बाद प्रदेश में टीम के साथ मिलकर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। इसके लिए उनकी टीम में तकनीक के जानकारों के साथ संगठन को चलाने वाले हुनरमंद युवाओं की टीम नजर आएगी। कहा जा रहा है कि पूर्व सांसद स्व. बालकवि बैरागी के पुत्र गोर्की बैरागी की पटवारी की टीम में महत्वपूर्ण भूमिका दिखाई देगी। वे कंप्यूटर की तकनीक में पारंगत हैं और उनके इस अनुभव को पटवारी लोकसभा चुनाव में विशेष तौर पर लाभ लेंगे। उन्हें संगठन प्रभारी जैसे किसी महत्वपूर्ण पद पर पीसीसी में लाया जा सकता है। इसी तरह अरुण यादव की टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके गौरव रघुवंशी को भी पटवारी की टीम में अहम भूमिका में देखा जा सका है। पटवारी के विश्वस्थ साथियों में शामिल पूर्व विधायक और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुणाल चौधरी भी पीसीसी की नई टीम में प्रमुख भूमिका में दिखाई।*

# श्रीलंका से आई भगवान राम की चरण पादुका, राजनांदगांव में किया स्वागत

यात्रा आठ राज्यों से होते हुए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी, जहां समापन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



श्रीलंका के सीता माता मंदिर से भगवान श्रीराम की चरण पादुका अयोध्या ले जाई जा रही हैं। चरण पादुका की शोभायात्रा 15 दिसंबर श्रीलंका से शुरू हुई है, जो 22 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी। यह शोभायात्रा आठ राज्यों से होती हुए अयोध्या पहुंचेगी। राम मंदिर में चरण पादुका स्थापित की जाएंगी। मंगलवार को शोभायात्रा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव पहुंची। गायत्री मंदिर से शुरू होकर पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त मौजूद रहे। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

राजनांदगांव में राम भक्तों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। गायत्री मंदिर से शुरू होकर पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त मौजूद रहे। जय श्रीराम के जयकारे से पूरा शहर गूंज उठा। सदस्य यात्रा समिति के प्रदोष चव्हाणके ने बताया, 'हमने राम राज्य युवा यात्रा निकाली है। यह शोभायात्रा 15 दिसंबर से शुरू हुई थी और 22 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी।

# स्वास्थ्य मंत्री सख्त: डॉक्टरों के बिना लिखी दवाओं की बिक्री की गई तो होगी कार्रवाई

मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा विभाग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में अब डॉक्टरों के लिखे बिना दर्द निवारक दवाओं की बिक्री पर सख्ती से कार्रवाई होगी।

दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य के सभी शासकीय अस्पतालों में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, औचक निरीक्षण करने, नर्सिंग होम एक्ट को और प्रभावी ढंग से लागू करने तथा डॉक्टरों के लिखे बिना दर्द निवारक दवाओं की बिक्री पर भी सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा और बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय महानदी भवन में कामकाज संभाल लिया। उन्होंने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

**नर्सिंग होम एक्ट से जुड़ी पॉलिसी का अध्ययन कर रहे हैं**

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि सरकारी हॉस्पिटल की व्यवस्था को इस स्तर पर ले जाएंगे कि जब सरकारी हॉस्पिटल की बेड भर जाएं तब लोग निजी अस्पताल जाएं। नर्सिंग होम एक्ट से जुड़ी पॉलिसी का अध्ययन किया जा रहा है। एक ऐसी पॉलिसी बनाई जाएगी, जिससे निजी अस्पतालों में भी गरीब को इलाज की बेहतर सुविधा मिले। जरूरत पड़ने पर नर्सिंग एक्ट में बदलाव किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना में 10 लाख तक का निशुल्क इलाज होगा। किसी योजना को अभी बंद नहीं किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री साय ने हड़ताल के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर ट्रक ड्राइवरों ने किया चक्काजाम

# छत्तीसगढ़: ड्राइवरों की हड़ताल से प्रदेशभर के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतार, 70% बसों के थमे पहिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिट एंड रन कानून के विरोध में मालवाहक और यात्री वाहन चालकों की तीन दिनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को व्यापक असर देख जा रहा गया। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर सहित अन्य जिलों में पेट्रोल पंपों पर सुबह से भारी भीड़ देखी गई। इसका असर स्कूलों पर भी दिखा। कई स्कूली बसों के पहिए थम गए। वहीं सब्जी मंडियों में असर दिखा। मालवाहक गाड़ियां सब्जी बाजारों में नहीं पहुंचे। वहीं रायपुर जगदलपुर जाने वाली सड़क पर ट्रक ड्राइवरों ने चक्काजाम कर दिया।

**हड़ताल को बस और ट्रक यूनियन का समर्थन नहीं**

राष्ट्रव्यापी हड़ताल के पहले दिन छत्तीसगढ़ में मिला-जुला असर रहा। हड़ताल को बस और ट्रक यूनियन का समर्थन नहीं मिला है, पर चालक हड़ताल में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ बस यूनियन के मुताबिक 70% बसों के पहिए थमे रहे। अंतरराज्यीय और अंतरजिला बस सेवा प्रभावित रही। रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर, बस्तर में हड़ताल से बस स्टैंडों में सुबह से यात्री परेशान दिखे। वहीं ट्रकों पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। खाद्य नागिरक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने सभी कलेक्टरों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि हड़ताल से आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई प्रभावित नहीं हुई है।



**सुरक्षा में गई पेट्रोल-डीजल की गाड़ियां**

छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगट ने बताया कि हड़ताल के पहले दिन शासन-प्रशासन के सहयोग से पुलिस की मौजूदगी में डिपो से गाड़ियां रवाना की गई। मंदिर हसौद स्थित डिपो से पेट्रोलियम गाड़ियों की आवाजाही जारी है।

**सप्लाई लगातार होती रहना चाहिए: साय**

ट्रकचालकों की हड़ताल को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को सभी आइजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई लगातार होती रहनी चाहिए। किसी प्रकार की भ्रामक जानकारी ना फैलने पाए इस बात का अधिकारी ध्यान रखे। उन्होंने अधिकारियों को अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ के सभी गांवों में भूमि चिन्हित कर बनाएं जाएंगे खेल मैदान, अधिकारियों को दिए निर्देश

**खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री वर्मा ने बैठक में दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है। सभी गांवों में बच्चों के लिए खेल मैदान बनाए जाएंगे। मैदानों के लिए भूमि चिन्हित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। खेल अकादमियों को साधन संपन्न बनाया जाएगा। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण का ढांचा मजबूत किया जाएगा। जिला मुख्यालयों में स्टेडियम विकसित किए जाएंगे। इससे पहले मंगलवार को न्यू सर्किट हाऊस में विभागीय अधिकारियों की बैठक में खेलमंत्री ने विभाागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी जुटाई। विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का और संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने प्रदेश में संचालित सभी आवासीय खेल अकादमियों एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों, विभिन्न खेल गतिविधियों सहित युवा कल्याण गतिविधियों की जानकारी दी।

**उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी**

*खेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में संचालित खेल अकादमियों को साधन संपन्न, खेल प्रशिक्षण के ढ़ांचे को और अधिक मजबूत और प्रशिक्षण गतिविधियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की जरूरत है। नई तकनीकों के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध बजट की जानकारी भी अधिकारियों से ली। खेल मंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में उपलब्ध खेल मैदानों और वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों के कौशल का समुचित विकास सुनिश्चित करने, विभागीय योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के भी निर्देश दिए।*

**आदेश का कड़ाई से करें पालन**

खेल मंत्री ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के राशि अंतरण और व्यय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को जारी किया जा चुका हैं। इसका कड़ाई से पालन होना चाहिए।

# शहरों की सूरत कब संवरेगी ?




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है। भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही लोगों के लिए महानगरीय और शहरी जीवनशैली हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है लेकिन अब हमारे शहर तमाम विसंगतियों से जूझ रहे हैं। बीते मानसून में महज कुछ घंटों की बारिश ने महानगरों और बड़े शहरों के सीवरेज सिस्टम और आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दिया था। देश के शहरों में बारिश के दौरान ट्रैफिक जाम,जलभराव, जमीन धसकने और बिजली करंट फैलने जैसी घटनाएं अब आम हो चुकी है। मानसून के बाद हर साल सर्दियों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य बड़े शहर वायु प्रदूषण के चपेट में आ जाते हैं। दिल्ली तो 'गैस चैंबर' के रूप में तब्दील हो जाता है फलस्वरूप वहां हर साल सर्दियों में 'हेल्थ इमरजेंसी' लगानी पड़ती है। अमूमन सभी महानगरों और औद्योगिक शहरों में हवा की गुणवत्ता यानि 'एक्यूआई' गंभीर स्तर पर पहुंच जाती है। दिल्ली की प्रदूषण के लिए तो सुप्रीम कोर्ट सरकारों को फटकार लगाते -लगाते थक चूकी है लेकिन हालात ज्यों कि त्यों ही बनी हुई है।

अलबत्ता यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते हमारे शहर हांफने लगे हैं। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए साल 2015 में देश में 'स्मार्ट सिटी मिशन' का आगाज किया था। योजना के तहत पांच चरणों के बाद चुने गए 100 शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ इन शहरों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया है।स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार,सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य भी निर्धारित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर, नवा रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर को इस मिशन के लिए चुना गया है। मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और सतना को इस योजना में सम्मिलित किया गया है।ओडिशा में भुवनेश्वर और राउरकेला को इस योजना में शामिल किया गया है। इंदौर और भुवनेश्वर देश के शीर्ष 8 स्मार्ट सिटी में शामिल है जिसकी गिनती दुनिया के टॉप स्मार्ट सिटीज़ में होती है। अलबत्ता रायपुर और बिलासपुर अभी भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य और मानकों से कोसों दूर है तथा इनकी पहचान गढ्ढों और धूल की बन चुकी है जिसका खामियाजा शहरवासियों को चुकाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन बाद विकसित किए जा रहे नवा रायपुर में सरकार ने अधोभूत संरचना और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए तमाम जतन किए हैं बावजूद इस स्मार्ट सिटी के सड़कों और चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा इसके साख पर पलीता लगा रहे हैं। इसके अलावा अधिकांश शहरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्था अभी तक सुनिश्चित नहीं हो पायी है फलस्वरूप कचरों का पहाड़ जनस्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रहा है।



देश के चुनिंदा शहरों को छोड़ दें तो अधिकांश शहर साफ पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। सरकारी तंत्र की लालफीताशाही के चलते मोदी सरकार की शहरों को स्मार्ट बनाने की महत्वाकांक्षी योजना कछुआ चाल से चल रही है। इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खबरें जनता के अरमानों पर लगातार पानी फेर रही है। शहरों की स्थिति देखने के बाद रहवासी यही उलाहना दे रहे हैं कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए। भारतीय शहरों की प्रमुख समस्या यातायात और पार्किंग, नाकाम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, झुग्गी और मलिन बस्तियां, बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण, अतिक्रमण, बिजली आपूर्ति,अवारा मवेशियों का जमावड़ा, लचर सीवरेज सिस्टम और वेस्ट मैनेजमेंट, बढ़ती आर्थिक असमानता और अपराध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 14 शहर शामिल हैं। स्विस कंपनी आईक्यू एयर के शोध के मुताबिक विश्व के टॉप 100 प्रदूषित शहरों में से 65 भारतीय शहर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डबल्यूएचओ' के मुताबिक भारत के 60 फीसदी शहरों में प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से सात गुना ज्यादा है।

दरअसल पर्यावरण प्रदूषण ने शहरी नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है जिसके लिए शासन, नगरीय प्रशासन और नागरिक भी जवाबदेह हैं। आम भारतीय शहर वायु,जल और ध्वनि प्रदूषण के गिरफ्त में है जिसका असर जनस्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शहरों में चूल्हे या सिगड़ियों, वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले धुंआ और अधोभूत संरचना विकास तथा निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल पर्यावरण कानूनों को धता बता रही है।कार्बनयुक्त धुंआ और धूल से एक बड़ी आबादी श्वसन तंत्र से लेकर एलर्जी, चर्मरोग और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का सामना कर रही है। सीवरेज सिस्टम की नाकामी के चलते औद्योगिक अपशिष्ट और नालियों का पानी प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मिल रहे हैं जिससे पेयजल प्रदूषित हो रहे हैं। दूषित पानी से शहरों में पीलिया,आंत्रशोथ, टायफाइड सहित अनेक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पुख्ता ड्रेनेज के अभाव और साफ- सफाई की माकूल व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल शहरवासी डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का शिकार हो रहे हैं। शहरों में कल-कारखानों और व्यक्तिगत वाहनों की संख्या में इजाफा होने के कारण ध्वनि प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बने हुए हैं। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दफ्तरों और घरों में एयरकंडीशनर के बढ़ते उपयोग तथा पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण शहरों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि देश के शहर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के लिए मुख्य रूप से जवाबदेह हैं।

गौरतलब है कि आर्थिक उदारीकरण और ग्रामीण विकास की अनदेखी के कारण भारत में शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है। रोजगार की तलाश में लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ा है। भारत शहरीकरण के मामले में विश्व का दूसरा बड़ा देश है जहां 5000 से ज्यादा बड़े और छोटे शहर हैं। इनमें 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 53 शहर हैं जिसके साल 2030 तक 70 तक पहुंचने की संभावना है।

हर नागरिक को खुली हवा में सांस और सुरक्षित जीवन जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है लेकिन शहरों की दुर्दशा के लिए जितना जिम्मेदार सरकारी तंत्र है उतना ही जवाबदेह आम नागरिक भी हैं।शहरों को स्मार्ट बनाने की होड़ में जिम्मेदार लोग अनेक अव्यवहारिक और अदूरदर्शिता पूर्ण फैसला भी ले रहे हैं।छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में वहां के नगरीय प्रशासन द्वारा सड़कों के निर्माण,सौंदर्यीकरण अथवा व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के उद्देश्य से नदियों और तालाबों के वाटर बॉडी को पाटा जा रहा है। नदियों और तालाबों के तटों के कांक्रीटीकरण करने, चौपाटी लगाने और बोटिंग जैसी योजनाओं के चलते इनके जलस्त्रोतों के रिचार्ज क्षमता को घट रही है वहीं फूड स्टालों के सड़े-गले अपशिष्टों की वजह से उनका इकोसिस्टम भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा शहरों के उद्यानों अथवा शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन से वहां का मौलिक उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। लिहाजा शहर के नीति निर्धारकों को नदियों, तालाबों,उद्यानों, शिक्षण संस्थानों और खेलकूद मैदानों के व्यवसायिक उपयोग से बचना चाहिए। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल के प्रावधान के अनुसार निर्माण कार्यों के दौरान धूलजनित प्रदूषण के रोकथाम हेतु पानी का नियमित समयांतराल में छिड़काव तथा निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट लगाना अनिवार्य है लेकिन सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों के लोग इसका उल्लंघन कर रहे हैं।दूसरी ओर नागरिकों में शहरों के प्रति स्वानुशासन की भी काफी न्यूनता दृष्टिगोचर हो रही है जिसका अदद उदाहरण सिंगल यूज़ प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल है जबकि सरकार और स्थानीय प्रशासन ने इसे पर्यावरण के लिहाज से प्रतिबंधित किया है। चूंकि शहरों की साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखना नागरिक जवाबदेही भी है लिहाजा शहरवासियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी,कचरा प्रबंधन,जल और वृक्ष संरक्षण, अधिकाधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उपयोग तथा निजी वाहनों के फिटनेस जांच जैसे जवाबदारियों के प्रति आत्मानुशासित होना होगा तभी हमारे शहर रहने लायक बनेंगे।

## चिंतन

# ट्रक चालकों की हड़ताल जल्द खत्म कराए केंद्र

सरकार को ट्रक चालकों की हड़ताल खत्म करने के लिए तेजी से कदम उठाना चाहिए। नहीं तो पेट्रोल पंपों पर जहां पेट्रो उत्पादों की किल्लत और बढ़ेगी, वहीं खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा। 'हिट एंड रन' (दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाना) मामलों से संबंधित नए कानून के खिलाफ ट्रक चालकों की हड़ताल को दो दिन होने पर ही करीब दो हजार से अधिक पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की कमी हो गई है। देश के हजारों पेट्रोल पंपों पर ट्रक से ही पेट्रोल व डीजल पहुंचाए जाते हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत दस राज्यों में पेट्रोल व डीजल को लेकर अफरा-तफरी मचनी शुरू हो गई है। बड़ी बात यह है कि पेट्रोल व डीजल की बिक्री केंद्र व राज्य सरकार की आय की स्रोत है, ऐसे में आपूर्ति की वजह से अगर पेट्रोल पंपों पर पेट्रो उत्पाद नहीं पहुंचेंगे तो परेशानी कई स्तर पर बढ़ेगी। पेट्रोल व डीजल के लिए मारामारी बढ़ेगी, खाद्यान्न व फल सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित होगी, जिससे महंगाई बढ़ेगी। पेट्रो उत्पादों की कम बिक्री से सरकारों के राजस्व पर असर पड़ेगा। भारत में करीब 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं। ये हर साल 100 अरब किमी से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 60 फीसदी से अधिक आपूर्ति तंत्र ट्रकों पर निर्भर हैं। इसलिए सरकार जितनी जल्दी हड़ताल को समाप्त करने में सफल होगी, परेशानियों उतनी कम होंगी। देश की अर्थव्यवस्था लंबे समय तक ट्रक चालकों की हड़ताल को अफोर्ड नहीं कर सकती है। दरअसल केंद्र सरकार ने गुलामी से मुक्त के प्रयास के तहत आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट कानूनों को संशोधित नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य कानून बनाए हैं। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं। देशभर में ट्रक और बस ड्राइवर भारतीय न्याय संहिता के हिट एंड रन कानून के प्रावधान में किए बदलाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नए कानून के तहत अगर लापरवाही या तेज स्पीड से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है और आरोपी ड्राइवर पुलिस को सूचित किए बिना ही मौके पर फरार हो जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ सकती है या 7 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ सकता है। अगर वह भागता नहीं है तो भी उसे पांच साल की सजा काटनी पड़ सकती है। सबसे खास बात ये है कि दोनों ही मामले गैर-जमानती हैं, पुलिस थाने से जमानत नहीं मिलेगी। इससे पहले कानून काफी नरम था। पुराने हिट एंड रन कानून के मुताबिक, लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण किसी व्यक्ति की मौत हो जाने पर अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। यही नहीं, आरोपी ड्राइवर को तुरंत थाने से जमानत भी मिल जाती है। दरअसल, हिट एंड रन मामलों में सजा को 10 साल तक बढ़ाने का नया प्रावधान उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद तैयार किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने कई मामलों में कहा है कि जो वाहन चालक सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं, दुर्घटना के बाद भाग जाते हैं जिससे किसी की मौत हो जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रक और बस ड्राइवरों की मांग है कि जब तक इन कानूनों को वापस नहीं लिया जाएगा उनकी हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से नए कानूनों पर एक बार फिर सोच विचार करने की गुजारिश की है। यह हड़ताल जल्द खत्म होनी चाहिए।

## मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



# महिला सुरक्षा के दावों पर बीएचयू गैंगरेप दाग

यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप करने वाले सभी आरोपियों को अब अरेस्ट कर लिया गया है। करीब 2 महीने बाद इन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। दो महीने तक आरोपियों का फरार रहना और भाजपा आईटी सेल से सम्बद्ध होना योगी सरकार के महिला सुरक्षा के दावे को कलंकित कर रहा है, वहीं विपक्षी दलों को सरकार को घेरने का मौका भी दे रहा है। बता दें कि तीनों पर दो महीने पहले एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। एफआईआर के मुताबिक, ये आरोपी बुलेट बाइक से आईआईटी कैंपस में घुसे थे और आधी रात में दोस्त के साथ टहल रही लड़की को बंधक बनाकर गैंगरेप किया था। घटना के दौरान आरोपियों ने वीडियो बनाया था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपी वाराणसी के रहने वाले हैं और पुलिस ने इस घटना में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी बरामद कर ली है। यूपी के वाराणसी में आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप उसी तर्ज पर अंजाम दिया गया, जैसे दिल्ली में निर्भया कांड हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ कई बार छात्रों ने आंदोलन भी किया है। इसके बाद भी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद खराब है।

बीएचयू एशिया की बड़ी यूनिवर्सिटी है। उत्तर प्रदेश के नामचीन यूनिवर्सिटी में शुमार होने के बावजूद यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीएचयू कैंपस के भीतर आईआईटी की एक छात्रा हॉस्टल में रहती है। एक नवंबर बुधवार की देर रात छात्र पढ़ाई के बाद थोड़ी देर के लिए हॉस्टल के बाहर परिसर में निकली थी। इसी दौरान रास्ते में उसे एक दोस्त मिल गया। दोनों टहलते हुए बाबा विश्वनाथ के मंदिर की तरफ चले गए। इसी बीच बुलेट मोटर साइकिल पर आए तीन लड़कों ने दोनों को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने छात्रा के दोस्त को अलग कर मारा पीटा। फिर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। युवक युवती का मुंह दबाकर एक तरफ ले गए। छात्रा के सारे कपड़े उतार दिए। इसके बाद उसका वीडियो बनाया। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों छात्रा का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। ये सबकुछ 1 व 2 नवंबर बुधवार की देर रात करीब 1:30 बजे की घटना है। उस समय लड़की अपने एक दोस्त के साथ कैंपस में सुनसान एरिया में टहल रही थी। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे थे। आरोप है कि लड़की के साथ गैंगरेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया। किसी तरह लड़की भागते हुए पास के एक प्रोफेसर के घर तक पहुंची थी। उसी दौरान बाइक की आवाज आई तो सुनकर वो डर गई थी। कुछ देर तक छुपी रही फिर वो हिम्मत करके प्रोफेसर के घर तक पहुंची। उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिक्योरिटी और तमाम अधिकारियों को रात में ही सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। अगली सुबह 2 नवंबर को छात्र सड़क पर उतर आए और विरोध करने लगे। इस मामले में लड़की ने मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था। जिसके बाद 8 नवंबर की रात में वाराणसी पुलिस ने छेड़छाड़ वाले मामले में गैंगरेप और बंधक बनाने की धारा भी जोड़ ली है। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है। यह वारदात वास्तव में डबल ईंजन की सरकार के रहते बेहद शर्मसार करने वाली है। बीएचयू जैसे शिक्षण संस्थान के परिसर में इस तरह की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया जाना घटना की संवेदनशीलता को और अधिक गंभीर व चिंतनीय बनाता है।

यहां यह भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि अपराधी मानसिकता के लोग किसी भी राजनीतिक पार्टी या धार्मिक सामाजिक संस्था के आवरण में भी छिपे हो सकते हैं। किसी दल या संस्था विशेष से जुड़े होना किसी व्यक्तिक इकाई के चरित्र की गारंटी नहीं होता है। यह घटना वास्तव में सरकार के महिला सुरक्षा को लेकर किए गए मिशन शक्ति के चौथे चरण के तमाम प्रयासों पर सवालिया निशान लगाती है आपको याद हो कि 1 नवंबर की रात यह घटना हुई। इसी सप्ताह लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की थी। सवाल उठने स्वाभाविक है कि जब 1 नवंबर की रात एक छात्रा के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दिया तो पुलिस का सारा प्रयास घटना का अनावरण करने के स्थान पर घटना को दबाने का क्यों बना रहा? आठ दिन बाद पुलिस ने इस मामले को दुष्कर्म के मामले में तब्दील किया इससे पहले तक यह सिर्फ छेड़छाड़ के मामले के बतौर दर्ज किया गया था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

## दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। *-वैष्णवाचार्य अभिषेक गोस्वामी (आध्यात्मिक गुरु)।*

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आए

नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आएसंचार के आधुनिक साधनों, विशेषकर सोशल मीडिया का प्रयोग होने लगा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करना चाहूंगा कि यह वर्ष सभी भारतीयों के लिए खुशियां लेकर आए। पूरे विश्व सहित भारत में भी शांति कायम रहनी चाहिए। बचा-खुचा आतंकवाद जो कायम है, वह भी खत्म होना चाहिए। इजरायल-फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन के बीच जो लड़ाइयां चल रही हैं, वे भी नए साल में खत्म हो जानी चाहिएं। शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना के साथ नए साल की बधाइयां। *-सोहन देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विरासत से मेल

त्रिची एयरपोर्ट पर नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का खूबसूरत इंटीरियर दक्षिणी भारत की समृद्ध विरासत से मेल खाता है। टर्मिनल जीवंत संस्कृति को प्रतिबिंबित करता है और इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए नए रास्ते खोलना है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री



### किताबों से दोस्ती

बहन और भाइयों बैग की किताबों से प्यार कर लेना, इनसे दोस्ती कर लेना मैं दावे के साथ कहती हूँ ये किताबें आपकी दशा और दिशा बदलने का काम करेंगी। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। आप भ्‍ी इन से दोस्ती कर लो।

-अनीता कुंडू, पर्वतारोही



### विकसित हो रहे हम

भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। हम मुख्य रूप से सेवा-उन्मुख मॉडल से विनिर्माण पावरहाउस बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हम 'सेवा के रूप में विनिर्माण' के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति



### सिर पर पूंछ

तमिलनाडु का सुचिंदरम अंजेनेयर मंदिर में हनुमान जी की पूंछ उनके सिर पर है। हनुमान जी के इस मंदिर के इतिहास की कहानी आपको अचम्भित भी करेगी। आप इस मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति देखने के लिए श्रद्धालु भाव से भी जाएंगे।

-अनुपम खेर, अभिनेता



## करंट अफेयर

# रूस ने यूक्रेन के दो बड़े शहरों को किया ध्वस्त

रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनहुबोव ने बताया कि रूस ने मिसाइलों से खारकीव शहर के मुख्य हिस्से और अन्य इलाकों को निशाना बनाया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लीस्चको ने बताया कि शहर के कम से कम पांच इलाकों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया जिनमें कम से कम 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेन ने शुक्रवार से अपने हमले तेज कर दिए हैं और लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है।




युद्ध शुरू होने के बाद से अबतक शुक्रवार को किए हमले में एक दिन में सबसे अधिक 41 आम लोग मारे गए। इसके अगले दिन रूस ने दावा किया कि उसके सीमावर्ती शहर बेलगोरोड को यूक्रेन ने निशाना बनाया जिसमें कम से एक दर्जन लोग मारे गए। यूक्रेन के खिलाफ करीब 22 महीने पहले रूस द्वारा युद्ध छेड़े जाने के बाद से उसके शहर पर हुए अबतक सबसे घातक हमला था। रूसी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तक मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है जिनमें पांच बच्चे शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# शंघाई पर समुद्र में डूबने का बढ़ा खतरा

चीन का सबसे विकसित और अमीर शहर शंघाई पिछले कम से कम 100 साल से भूमि अवतलन की समस्या से जूझ रहा है। यह चीन के उन शुरुआती शहरों में से एक हैं, जिनमें गंभीर स्तर पर भू-अवतलन हो रहा है। शंघाई में 1921 से 2007 के बीच 22 .94 मिमी प्रति वर्ष की औसत दर से भूमि अवलतन हुआ। बहरहाल, भू-अवतलन की यह दर 2010 में स्थिर हो गई, लेकिन वैश्विक तापमाना में वृद्धि की वजह से समुद्र के बढ़ते जलस्तर ने दो करोड़ 40 लाख की आबादी वाले शहर के लिए नया खतरा पैदा कर दिया है। भू-अवतलन के अब अपेक्षाकृत स्थिर होने का अनुमान है, लेकिन समुद्र में जलस्तर बढ़ने की दर जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में तेज होने की आशंका है। इसके प्रमुख कारण महासागरों के गर्म होने के कारण पानी की मात्रा बढ़ना और हिमनद एवं बर्फ का पिघलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंटार्कटिक बर्फ की चादर पिघलना समुद्र में जल स्तर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। सापेक्ष समुद्र स्तर की औसत वृद्धि 2050 तक 45 सेंटीमीटर से 50 सेंटीमीटर के बीच रहने का अनुमान है। कम्प्यूटर से की गई गणना के अनुसार, शंघाई में समुद्र का जल स्तर 2030 में लगभग दोगुना तेजी से बढ़ सकता है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कोहरा की चादर

# मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 19 राज्यों में कोहरा

## श्रीनगर की डल झील जमी



दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल के जवान सर्द सुबह और कोहरा में आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल करते हुए।

**21** ट्रेनें लेट दिल्ली में

**50** मीटर तक दृश्यता

**5** डिग्री पारा श्रीनगर में

## देश के नौ राज्यों में विजिबिलिटी शून्य पर पहुंच गई

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन भी मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत देश के 19 राज्यों में कोहरा देखने को मिला। उत्तर भारत के कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक आ गई। विजिबिलिटी कम होने के कारण 21 ट्रेनें निर्धारित समय पर नहीं चल सकीं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी देखने को मिली। श्रीनगर में पारा माइनस 5डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। डल झील पर हल्की बर्फ की परत देखने को मिली है।

**पंजाब में तापमान 6 डिग्री के आसपास**

पंजाब के कई जिलों में तापमान 6 -9 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। घने कोहरे के कारण पंजाब सरकार ने स्कूलों का टाइम बदल दिया। अब स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही लगेंगे। यह नियम 14 जनवरी तक लागू रहेगा।

**कई राज्यों में बारिश की भी संभावना**

आईएमडी के अनुसार उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और केरल में 2 जनवरी के आसपास हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। प्राइवेट वेदर फोरकास्ट एजेंसी स्काईमेट के अनुसार अगले 3 दिनों तक पंजाब और पश्चिमी उत्तरप्रदेश के हिस्सों में घना कोहरा छा सकता है। हरियाणा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिन तक बहुत घना कोहरा होने की संभावना है।

---


### तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ने किया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन

**तिरुचिरापल्ली में पीएम मोदी ने कई सौगातें दी**

# अब तमिलनाडु बन रहा मेक इन इंडिया का प्रमुख ब्रांड एंबेसडर

पीएम मोदी ने 20,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन,शिलान्यास किया। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट (डीएफआरपी) राष्ट्र को समर्पित किया

**आईजीसीएआर, कलपक्कम में तैयार स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया**



एजेंसी ▶▶ तिरुचिरापल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 20,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कई का शिलान्यास किया। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। आईजीसीएआर, कलपक्कम में तैयार स्वदेशी प्रमाणित फास्ट रिएक्टर फ्यूल रीप्रोसेसिंग प्लांट (डीएफआरपी) राष्ट्र को समर्पित की।

इन विकास परियोजनाओं में तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस और शिपिंग क्षेत्र जैसे क्षेत्र शामिल हैं। नई सड़क परियोजनाएं श्रीरंगम, चिदंबरम, रामेश्वरम और वेल्लोर जैसे आस्था और पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्रों को जोड़ेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि परियोजनाएं यहां के आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। दुनिया भर से भारत में आने वाले भारी निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ तमिलनाडु और उसके लोगों को मिल रहा है, क्योंकि राज्य मेक इन इंडिया के लिए एक प्रमुख ब्रांड एंबेसडर बन गया है।

#### केंद्र तमिलनाडु के लोगों के साथ

उन्होंने तमिलनाडु के लिए पिछले तीन कठिन हफ्तों का जिक्र करते हुए कहा कि जब भारी बारिश हुई तो उसमें कई लोगों की जान चली गई और संपत्ति का भी काफी नुकसान हुआ। पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया और यह भी कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हम राज्य सरकार को हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं।



**राज्य में रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे**

जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सभी के लिए फलदायी और समृद्ध नए साल की कामना की और प्रसन्नता व्यक्त की कि 2024 में उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम तमिलनाडु में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 20,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं तमिलनाडु की प्रगति को मजबूत करेंगी। उन्होंने राज्य के लोगों को रोडवेज, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, ऊर्जा और पेट्रोलियम पाइपलाइनों के क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, राज्य में रोजगार के हजारों अवसर भी पैदा होंगे।

#### केंद्र सरकार का बंदरगाह आधारित विकास पर जोर

पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार के बंदरगाह आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित किए जाने के बारे में पीएम मोदी ने तटीय क्षेत्रों और मछुआरों के जीवन में बदलाव लाने वाली परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय और बजट, मछुआरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नाव आधुनिकीकरण के लिए सहायता और पीएम मत्स्य संपदा योजना के बारे में बताया।

#### निवेश के बारे में दी जानकारी

पीएम ने पिछले 10 वर्षों में सड़क मार्ग, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, गरीबों के लिए घर और अस्पतालों जैसे क्षेत्रों में भारत के भारी निवेश के बारे में जानकारी दी और उन्होंने भौतिक बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का भी उल्लेख किया। भारत आशा की किरण बन गया है।

#### यह देश की समृद्धि संस्कृति का प्रतिबिंब

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में दोहराया 25 वर्षों तक आजादी का अमृत काल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में अहम है। साथ ही उन्होंने कहा कि तमिलनाडु भारत की समृद्धि और संस्कृति का प्रतिबिंब है। पीएम ने कहा कि तमिलनाडु प्राचीन भाषा तमिल का घर है और यह सांस्कृतिक विरासत का खजाना है।



**किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विश्वविद्यालय अहम**

पीएम मोदी ने भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मैं तमिलनाडु के खूबसूरत राज्य और युवा लोगों के बीच आकर खुश हूं। मैं ऐसा करने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं जिसे दीक्षांत समारोह में यहां आने का सौभाग्य मिला है। विश्वविद्यालय देश को दिशा देने में अहम हैं।

**सिंधिया बोले**

#### हवाई अड्डे को विकास से जोड़ रहे

इस मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हवाई अड्डे न केवल यात्रा का माध्यम बनें, बल्कि हवाई अड्डे विकास का केंद्र बनें। हवाई अड्डे पूरे देश के लिए रोजगार का केंद्र बनें। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 9.5 वर्षों में एक बदलाव आया है, देश के लोगों के लिए पीएम की आकांक्षा है कि हर कोई जो 'हवाई चप्पल' पहनता है उसे भी 'हवाई जहाज' में यात्रा करनी चाहिए।

---

**कांग्रेस और आप में 'जुबानी जंग'**

## 'एक थी कांग्रेस' पर कांग्रेस बोली 'एक था जोकर' देखी

- आईएनडीआईए में सीट बंटवारे के पहले ही दोनों में तकरार तेज हो गई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जल्द चर्चा शुरू होनी है। इससे पहले विपक्षी दलों के बीच ही आपस में जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कहा कि पंजाब और दिल्ली में एक मां अपने बच्चे को सबसे छोटी कहानी अगर सुना सकती है तो वह 'एक थी कांग्रेस' होगी। इस बयान के बाद कांग्रेस की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सीएम भगवंत मान पर निशाना साधा है।

**मान पर खेड़ा ने किया पलटवार**



सीएम मान के बयान के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी और मोदीजी के विचार काफी मिलते हैं। दोनों का सपना कांग्रेस मुक्त भारत का है। दोनों ही मुंह की खाएंगे। वैसे एक भोजपुरी पिक्चर का नाम है 'एक था जोकर', आपने तो देखी होगी?' वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता अशप्रीत का कहना है कि एक थी आप कहना गलत होता क्यों जिसका जन्म ही नहीं हुआ उसका लिए थी का इस्तेमाल कैसे करें? राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो आप को नोटा से भी कम वोट मिले हैं।

#### सीट बंटवारे पर दिखेगा इसका असर

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन जल्द सीट बंटवारे को लेकर बैठक करने जा रहा है। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा चुनौती है। लोकसभा सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय होने के बाद ही आईएनडीआईए के दलों की अगली बैठक बुलाए जाने की संभावना है ताकि चुनाव से पहले गठबंधन की एकजुटता का संदेश दिया जा सके। टीएमसी लेकर जेडीयू और आम आदमी पार्टी की ओर से आ रहे बयानों को लेकर कांग्रेस की मुश्किलें पहले ही बढ़ गई हैं। हालिया बयानों का असर इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में भी दिख सकता है।

---

**खबर संक्षेप**

#### हिमाचल के डीजीपी पद से हटाए गए संजय कुंडू



**शिमला।** हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू के खिलाफ सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया है। कारोबारी से विवाद मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया। उनका ट्रांसफर आयुष विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में किया दिया है।

#### अजमेर दरगाह के पास गिरी इमारत, कई जख्मी



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले में दरगाह के पास तीन मंजिल वाला एक पुराना मकान गिर गया है। मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि यह हादसा अमजेर के 16 सीढ़ी इलाके में हुआ।

#### लोकसभा की 'विशेष' समिति की बैठक 12 को



**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति 3 कांग्रेस सदस्यों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर विचार करेगी। भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह पैनल की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसमें के जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत के बयान दर्ज किए जाएंगे।

---

**बाबरी विध्वंस से जुड़े मामले में 31 साल बाद गिरफ्तारी**

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले मचा बवाल, आज पूरे कर्नाटक में प्रदर्शन करेगी भाजपा

### विजयेंद्र ने कहा- तुरंत रिहा करें

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अयोध्या में 22 जनवरी का राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कर्नाटक में बवाल मच गया है। 31 साल पुराने एक मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। यह मामला बाबरी विध्वंस के बाद हुए दंगों को लेकर था।



इस मामले में एक कारसेवक की गिरफ्तारी की गई है। अब इसे लेकर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कुछ लोगों की आंखों में राम मंदिर खटक रहा है। इस गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पूरे कर्नाटक में प्रदर्शन करेगी। दूसरी तरफ कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

**क्या है पूरा मामला?**

कर्नाटक के हुबली में भी इसे लेकर प्रदर्शन हुए थे। इसमें हुबली में एक अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति की दुकान को जला दिया गया था। इस मामले में 50 साल के कारसेवक श्रीकांत पुजारी को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने इस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया है। भाजपा ने कहा, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जान-बूझकर गिरफ्तारी की गई है। राज्य सरकार एसडीपीआई और पीएफआई के खिलाफ सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है।

**सिद्धारमैया बोले**

#### किसी ने गलती की तो सरकार क्या करे?



इस मामले में सीएम सिद्धारमैया का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि है कि अगर किसी ने गलती की है तो सरकार क्या करें? किसी अपराधी को ऐसे खुला नहीं छोड़ा जा सकता है। सब कानून के मुताबिक किया जा रहा है। किसी भी निर्दोष की गिरफ्तारी नहीं की है। यह नफरत की राजनीति नहीं है।

---

**राहुल-ओवैसी का केंद्र पर हमला**

#### बिना चर्चा के कानून बनाना गलत, लोकतंत्र पर प्रहार...

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिट एंड रन कानून और ट्रक ड्राइवरों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र पर हमला किया। राहुल ने एक्स पर लिखा, बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। 150 से अधिक सांसद निलंबित थे तो संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ड्राइवर्स के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं।



**हमने अपनी मस्जिद खो दी...**

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से केंद्र सरकार के जरिए की जा रही गतिविधियों से सावधान रहने की अपील की है। युवा मुसलमानों को सतर्क और एकजुट रहना होगा। युवाओं हमने अपनी मस्जिद खो दी है। वहां क्या हो रहा है?

---

### 'लव कुश रथ यात्रा'



**पटना।** पटना में मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हिंदू देवी-देवताओं के वेश में बच्चे पटना से अयोध्या तक 'लव कुश रथ यात्रा' निकाल रहे हैं।

---

**यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग की बात अंतिम दौर में**

## आज पेश की जाएगी 'सीट' की रिपोर्ट, जल्द फैसला संभव

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को सौंपी जाएगी कांग्रेस गठबंधन समिति की रिपोर्ट**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब 3 महीने का वक्त बचा है। सभी राजनीतिक दल आम चुनावों के लिए सीटों पर उम्मीदवारों के चयन में जुट गई हैं।

इंडी अलायंस भी गठबंधन के दलों के बीच सीट शेयरिंग पर चर्चा में जुटी है। कांग्रेस गठबंधन कमिटी अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन और सीट शेयरिंग पर रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी में राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक और मोहन प्रकाश शामिल हैं। मुकुल वासनिक कमेटी के संयोजक हैं।

**कांग्रेस 20 सीटें मांग रही**



यूपी में कांग्रेस 15-20 सीट की डिमांड कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गठबंधन में सीटें मांगेगी नहीं बल्कि देगी। फिलहाल यूपी में सीटों के बंटवारे का दारोमदार न सिर्फ सपा बल्कि कांग्रेस पर भी है। अलायंस के झंडे तले यूपी में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल तीनों साथ हैं। रालोद भी 10-12 सीटों की मांग कर रही है। रालोद जाट बाहुल्य सीटों पर अपना दावा ठोंक रही है।

#### यूपी कांग्रेस को भी रिपोर्ट का इंतजार

सपा के संदर्भ में सूत्रों का दावा है कि पार्टी ने फैजाबाद, कन्नौज, मैनपुरी, आजमगढ़, बदायूं, फिरोजाबाद और अंबेडकरनगर में प्रत्याशी उतारने का मन बना लिया है। एटा लोकसभा सीट पर तो अखिलेश यादव ने नवल किशोर शाक्य की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली समेत कई और सीटों पर अपना दावा कर रही है। अब कांग्रेस की यूपी इकाई को इस बात का भी इंतजार है कि वह जिन सीटों पर अपना दावा ठोंक रही है, वह उसे मिलेंगी या नहीं।

**सोनिया का हमला**

#### भारत की विविधता और एकता पर किया जा रहा हमला

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सेक्युलरिज्म को लेकर एक बार फिर से केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि धर्मनिर्पेक्षता भारतीय लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ रहा है, लेकिन आज सत्ताधारी दल इसका अपमान कर रहे हैं। सोनिया ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग इस शब्द का इस्तेमाल कुछ इस प्रकार कर रहे हैं जिससे समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। सोनिया ने यह भी कहा कि वे कहते हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन व्यवहार में इसका असर देखने को नहीं मिलता।




---

**26 जनवरी को ब्लास्ट की धमकी**

## चिट्ठी भेजकर आठ राज्यों में धमाका करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में एक स्कूल को धमकी भरी चिट्ठी मिली है। चिट्ठी में 26 जनवरी को जगह-जगह बम ब्लास्ट करने और प्रधानमंत्री को बम से उड़ाने की बात लिखी है। चिट्ठी 28 दिसंबर को मिली थी।



मामला मंगलवार को सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खालवा के पटाजन हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य सुनील जैन ने बताया कि 28 दिसंबर की सुबह स्कूल स्टाफ ने मेन गेट खोला तो एक चिट्ठी फंसी मिली थी। स्टाफ ने मुझे लाकर दी। मैंने चिट्ठी को देखा तो सबसे पहले 'अल्लाह हू अकबर' लिखा था। मैंने चिट्ठी पढ़े बिना पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई और चिट्ठी ले गई। इसके बाद पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी।

बताया जा रहा है कि और भी स्कूलों में इस तरह की चिट्ठी पहुंची है, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एडिशनल एसपी ग्रामीण राजेश रघुवंशी ने बताया, स्कूल को धमकी भरा पत्र मिलने की जानकारी सामने आई है। मैंने स्थानीय पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। खालवा टीआई ओमेश मार्को ने बताया कि पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।


मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं।

# दिग्गज फुटबॉलर मेसी को बड़ा सम्मान, 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर

एजेंसी ▶▶| अर्जेंटीना

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी एक बार फिर चर्चा में हैं। जब मेसी संन्यास ले लेंगे तो उनकी 10 नंबर जर्सी को रिटायर कर दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि अब भविष्य में इस नंबर की जर्सी कोई भी प्लेयर नहीं पहन सकेगा। मेसी को सम्मान देने के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला किया है। लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर हुए फीफा विश्व कप पर कब्जा कजमाया था। टीम ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था और 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनी थी।

### 2022 में जीता था विश्व कप

लियोनेल मेसी फुटबॉल की दुनिया के दिग्गज हैं। साल 2022 उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था। मेसी के करियर की यह पहली वर्ल्ड कप ट्रॉफी थी। इससे पहले साल 2014 में मेसी की टीम जर्मना से फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला हार गई थी।



### ये दिग्गज भी पहन चुका है 10 नंबर की जर्सी

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं। वह भी अर्जेंटीना से खेलते थे। इस टीम ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने की कोशिश की थी, लेकिन इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। आपको बता दें कि कुछ सप्ताह पहले 2022 वर्ल्ड कप के दौरान मेसी द्वारा पहनी गई 6 जर्सियां एक नीलामी में 7.8 मिलियन डॉलर (करीब 64 करोड़) में बेची गई थीं।

### मेसी ने 106 गोल किए हैं

लियोनेल मेसी अर्जेंटीना के लिए लंबे समय तक खेले हैं। उन्होंने 180 मैचों में 106 गोल किए गए हैं। खास बात ये है कि मेसी ने साल 2021 कोपा अमेरिका और 2022 में वर्ल्ड कप टीम को जिताया है। अब 2026 के फीफा वर्ल्ड कप में वह खेलेंगे या नहीं, ये साफ नहीं हो पाया है।

### अब कोई नहीं पहन सकेगा इस नंबर की जर्सी


एक रिपोर्ट में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा गया है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

## द.अफ्रीका बनाम भारत दूसरा टेस्ट आज से न्यूलैंड्स मैदान में दोपहर 1.30 बजे से

# टीम इंडिया के पास केपटाउन में इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान में शुरू होने वाला है। बता दें कि इस मैदान में भारत आज तक एक भी मैच नहीं जीता है। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है। उन्होंने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को पारी और 32 रन से हराया था। ऐसे में यह टेस्ट भारतीय टीम हर हाल में जीतना चाहेगी और भारत कैसे भी दूसरा टेस्ट जीतकर इतिहास रचने या फिर ड्रॉ कराकर सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।



### टीमें इस प्रकार

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार।

**द.अफ्रीका :** डीन एल्गर (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, कीगन पीटरसन, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को जेन्सन, लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा और नंद्रे बर्गर।

### भारत-द.अफ्रीका मैचों के आंकड़े

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 43 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 15 मैच में जीत मिली है। 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की धरती पर दोनों टीमों के बीच 24 टेस्ट खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत और 13 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं।

### इनके प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एल्गर ने पिछले 10 मुकाबलों में 563 रन बनाए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने शानदार शतक (185) लगाया था। मार्करम ने पिछले 5 मैच में 39.63 की औसत से 317 रन बनाए थे। कोहली ने पिछले 10 मैच में 47.73 की औसत से 716 रन बनाए हैं। रोहित के बल्ले से पिछले 8 मैच में 545 रन निकले हैं। रबाडा ने पिछले 9 मैच में 44 विकेट झटके हैं। जडेजा के नाम पिछले 7 मैच में 33 विकेट है।

### कैसा है पिच का मिजाज?

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान की पिच पर टेस्ट क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से तेज गेंदबाज कहर बनकर टूटते हैं। हालांकि, अगर बल्लेबाज क्रीज पर टिक जाता है तो वह रन बटोर सकता है। यहां स्पिन गेंदबाजों को काफी संघर्ष करना पड़ता है। यहां सबसे बड़ा स्कोर 334 रन चेज हुआ है।

### इस मैदान में एक भी टेस्ट नहीं जीता

भारतीय टीम ने यहां अब तक 6 टेस्ट मैच खेले हैं। 4 मैच में टीम को हार मिली है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। टीम इस मैदान पर एक भी टेस्ट मैच जीतने में सफल नहीं रही है।

## जगरेब ओपन के लिए कुश्ती टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिये 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्ल्यूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह बाजवा हैं। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया है।

**टीम : पुरूष फ्रीस्टाइल :** अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विकी (97 किलो) और सुमित (125 किलो)
**ग्रीको रोमन :** ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)।
**महिला :** सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)
**कोचिंग और सहयोगी स्टाफ :** कुलदीप सिंह (टीम प्रमुख और कोच), विनोद कुमार, सुजीत, शशि भूषण प्रसाद, मनोज कुमार, वीरेंदर सिंह और अलका तोमर (कोच) विशाल कुमार राय (फिजियो) और नीरज (मालिशिया)।
**रैफरी :** सत्य देव मलिक, दिनेश धोंडिबा, संजय कुमार।

### खबर संक्षेप



### नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। सैतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाये। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7-5, 6-4 से मात दी। महिला वर्ग में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7-5, 7-6 से हराया।

### चेन्नई ओपन : मित्रा से हारने के बावजूद कृष्णन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर पी सरवना कुमार चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अधिराज मित्रा से हारने के बावजूद शीर्ष पर बने हुए हैं। कृष्णन चार अंक लेकर पांच अन्य ग्रैंडमास्टर फेडोरोव



अलेक्सेइ (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), के मुहम्मद (ताजिकिस्तान), मानिक मिकुलास (स्लोवाकिया) और एंगुयेन डुक होआ (वियतनाम) के साथ शीर्ष पर हैं। अलेक्सेइ ने मुरली कृष्णन को हराया लेकिन इगोर को रोहित एस के हाथों पराजय झेलनी पड़ी। मुहम्मद ने कोल्ला भावन और मिकुलास ने श्रीराम आदर्श उप्पाला को मात दी। अंतरराष्ट्रीय मास्टर अरण्यक घोष, वियानी अंतोनियो डिकुन्हा और साहिल डे समेत छह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं।

### अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ की शानदार शुरुआत



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

## ओलंपिक क्वालीफायर : महिला टीम की पहली भिड़ंत 13 को अमेरिका से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने आगामी 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाली एफआईएच हॉकी क्वालीफायर्स रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के 18 सदस्यों के नाम की घोषणा की है।

हाल ही में लगातार तीसरी बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाली अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है। क्वालीफायर की शीर्ष तीन टीमों को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलेगा। टीम प्रतियोगिता में शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाने और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने के लक्ष्य के साथ रांची में मैदान में उतरेगी।



### भारत पूल बी में, अभियान की शुरुआत 13 से

भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होगा और 16 जनवरी को आखिरी पूल बी मैच में वह इटली के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

### गोल संभालेंगी सविता और बिचू, इनको भी मिली जगह

सविता एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेगी। वहीं, अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को टूर्नामेंट के लिए उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम में गोलकीपर, सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। इस बीच, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका को टीम में डिफेंडर के रूप लिया गया है।

### चैम्पियन अमेरिका को हराकर आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में

**पर्थ।** गत चैम्पियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-1 से हराया। आस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर



रहा। इससे पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-2 से हराकर आस्ट्रेलिया को 1-0 से बढत दिला दी थी लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी दिलाई। एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2-1 से मात दी। स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो को मात दी।

## शतक से की लिचफील्ड ने नए साल की शुरुआत...



**मुंबई।** भारतीय और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे तीसरे वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया टीम की सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड ने शतकीय पारी खेलकर नए साल की शुरुआत की। उन्होंने 109 गेंदों में 100 रन पूरे किए। हालांकि उनकी यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने उन्हें 119 रन पर हरमनप्रीत के हाथों कैच करा दिया। लिच ने अपनी पारी में 125 गेंद का सामना किया और 16 चौके साथ 1 छक्का लगाया।

### पाकिस्तान सीरीज में 2-0 से पीछे

# वॉर्नर का आखिरी टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया को दिलाएंगे क्लीन स्वीप !

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। सीरीज में कंगारू टीम 2-0 की बढ़त ले चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान आखिरी मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा। डेविड वार्नर का यह आखिरी टेस्ट होगा। उन्होंने पहले ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 05:00 बजे से प्रारंभ होगा।



### दो नए गेंदबाजों को लेकर उतरेगी पाकिस्तान टीम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में स्पिन गेंदबाज साजिद खान और सैम अयूब खेलते हुए नजर आएंगे। अगर पाकिस्तान को आखिरी टेस्ट मैच जीतना है तो शान मसूद और मोहम्मद रिजवान जैसे बल्लेबाजों को बड़ी पारी खेलनी होगी। शाहीन अफरीदी को आखिरी टेस्ट से आराम दिया गया है।

### पाक के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अब तक टेस्ट क्रिकेट में कुल 71 बार आमना-सामना हुआ है। कंगारू टीम इनमें से 36 मैच, वहीं पाकिस्तान ने 15 मैच ही जीते हैं। इस बीच 20 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों के बीच खेले गए 39 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 28 और पाकिस्तान ने केवल 4 मैच जीते हैं। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछले 28 साल में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

बाबर ने पिछले 10 मुकाबलों में 43.37 की औसत से 824 रन बनाए हैं। शकील ने पिछले 9 टेस्ट मैच में 68.57 की औसत से 960 रन बनाए हैं। मार्श ने सीरीज के 2 टेस्ट मैच में 96.67 की औसत से 290 रन बनाए हैं। वार्नर के बल्ले से 2 मैच में 52.00 की औसत से 208 रन निकला है। कमिंस ने 2 मैच में 13 विकेट झटके हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया भारतीय महिला टीम 190 रन से हारी

**मुंबई।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही फोएबे लिचफील्ड के शतक की मदद से रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 190 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारतीय महिला टीम का इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को वनडे में अपने घरेलू मैदान पर हराने का पिछले 16 साल से चला आ रहा इंतजार बढ़ गया। ऑस्ट्रेलिया की यह भारतीय धरती पर वनडे में लगातार दसवीं जीत है। भारत 2007 के बाद से अपने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 338 रन का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 32.4 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई। लिचफील्ड ने 125 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 119 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि हीली ने 85 गेंद पर 82 रन बनाए जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 189 रन जोड़े जो भारत में किसी भी विरोधी टीम का किसी विकेट के लिए सर्वोच्च साझेदारी है। वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत दर्ज की थी लेकिन 50 ओवर के प्रारूप में वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई।




# दूसरे विमान से टकराते ही रनवे पर दौड़ रहा विमान बना आग का गोला, 5 क्रू मेंबरों की मौत

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के हनेडा एयरपोर्ट के रनवे पर दो विमानों की टक्कर में कोस्ट गार्ड के प्लेन में सवार छह में से पाँच अधिकारियों की मौत की पुष्टि हुई है। संभवतः जापान एयरलाइंस का विमान लैंड होते समय रनवे पर खड़े कोस्ट गार्ड के विमान से टकराया और दोनों में भीषण आग लग गई। हालांकि, जापान एयरलाइंस के विमान में सवार सभी 379 यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

लेकिन अब जापान के सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके की वेबसाइट पर पुलिस के हवाले से दी गई जानकारी के अनुसार कोस्ट गार्ड के विमान में मौजूद छह में से पाँच क्रू सदस्यों की हादसे में मौत हो गई है। खबरों के मुताबिक कोस्ट गार्ड का विमान एक जनवरी को आए तीव्र भूकंप के बाद लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए जा रहा था।



मंगलवार को हनेडा हवाई अड्डे के रनवे पर जापान एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई।

## मदद के मिशन पर था तटरक्षक विमान

*तटरक्षक विमान मध्य जापान में आए भूकंप से प्रभावित क्षेत्र की मदद के लिए आपूर्ति ले जाने के मिशन पर था। हादसे के बाद दमकल की 70 गाड़ियां भेजी। शाम साढ़े छह बजे (स्थानीय समय) तक विमान लगभग पूरी तरह आग की लपटों में घिर चुका था।*

## विमान ने यहां से भरी थी उड़ान

*विमान ने उत्तरी जापान में होक्काइडो द्वीप पर सप्पारो से उड़ान भरी थी, जिसे स्थानीय समयानुसार छह बजे हनेडा एयरपोर्ट पर उतरना था। कोस्ट गार्ड का कहना है कि कब और कैसे दो विमान टकराए, इसकी जांच की जा रही है।हनेडा एयरपोर्ट की सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।*

## विमान के उतरते समय हुआ हादसा

जापान एयरलाइंस के विमान में सवार सभी 379 यात्री और क्रू मेंबर सकुशल निकाल लिए गए हैं। माना जा रहा है कि फ्लाइट 516 उतरते समय एक जापानी तटरक्षक विमान के साथ टकराया था। जापानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तटरक्षक विमान में सवार एक व्यक्ति बच गया है, जबकि पांच लोगों की मौत हो गई है।

## ये रही हादसे की वजह

जापान की समाचार एजेंसी के मुताबिक, जापान एयरलाइंस ने बताया कि यात्री विमान या तो रनवे पर दूसरे विमान से टकरा गया या उतरने के बाद टैक्सीवे से टकरा गया। भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है।

## नेहरू या पटेल में किसकी नीति थी बेहतर? विदेश मंत्री ने बताया अंतर

# विदेश मंत्री ने नेहरू की नीति को कोसा बोले- पंचशील समझौता समझ से परे!



### भारत को चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटना चाहिए

### भारत चीन के रिश्तों पर जयशंकर ने कहा–ताली दोनों हाथों से बजती है

*जयशंकर ने दोहराया है कि भारत को चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटना चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी संबंध तीन आपसी समझ- सम्मान, संवेदनशीलता और हित पर आधारित होने चाहिए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा कि मैं चीन के साथ यथार्थवाद के आधार पर निपटने का तर्क देता हूं- यथार्थवाद का रास्ता, जो मुझे लगता है-सरदार पटेल से लेकर नरेंद्र मोदी तक सभी का रास्ता है कि मुझे लगता है कि हमने ऐसे रिश्ते बनाने की कोशिश की है जो आपसी संबंधों पर आधारित हों। जब तक उस पारस्परिकता को मान्यता नहीं दी जाती, इस रिश्ते का आगे बढ़ना मुश्किल होगा। विदेश मंत्री ने चीन पर व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा कि मोदी सरकार चीन से निपटने में सरदार पटेल द्वारा शुरू की गई यथार्थवाद की धारा के अनुरूप काम कर रही है।

### 1962 में दोस्ती को लगा झटका

*नेहरू के कार्यकाल की शुरुआत में चीन और भारत के बीच अच्छी दोस्ती थी। हालांकि भारत को 1962 में उस वक्त एक बड़ा झटका लगा जब चीन ने हमला कर दिया। चीन के इस आक्रमण ने नई दिल्ली में निर्णय लेने वालों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि चीन नीति पर दोबारा से विचार किया जाना चाहिए। क्या 2024 में भारत और चीन के बीच मतभेद खत्म हो पाएंगे? इस सवाल का जवाब देते हुए एस जयशंकर ने कहा कि ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है। मैं इस मुद्दे को इस तरह से देखता हूं कि अगर आप हमारी विदेश नीति के पिछले 75 से अधिक वर्षों को देखें, तो उनमें चीन के बारे में यथार्थवाद का जोर है और आदर्शवाद, रूमानियत, गैर-यथार्थवाद का तनाव है. यह शुरुआती दिनों से ही शुरू हो जाता है, जब नेहरू और सरदार पटेल के बीच इस बात को लेकर गहरा मतभेद था कि चीन को कैसे जवाब दिया जाए।*

### दो दिग्गजों के मतभेद को समझाया

*भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण में अंतर बताते हुए जयशंकर ने दोनों दिग्गजों के बीच मतभेद पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि शुरुआत से ही नेहरू और सरदार पटेल के बीच चीन को कैसे जवाब दिया जाए इस मुद्दे पर गहरे मतभेद रहे हैं। जयशंकर ने नेहरू और सरदार पटेल के यथार्थवादी दृष्टिकोण के बीच अंतर समझाते हुए कहा कि उदाहरण के लिए जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीट की बात आई, तो हमें बिल्कुल वह सीट लेनी चाहिए थी। खैर वह एक अलग बहस है, लेकिन यह कहना कि हमें पहले चीन को (सुरक्षा परिषद में) जाने देना चाहिए- चीन का हित पहले आना चाहिए, यह एक बहुत ही अजीब बयान है।*

## भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा मिला

# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' की शुरुआत हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दो मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2 से 15 जनवरी 2024 तक चलने वाले भारत-यूएई के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' की राजस्थान में शुरुआत हो चुकी है। भारत-यूएई संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' के पहले संस्करण में भाग लेने के लिए 45 कर्मियों वाली यूनाइटेड अरब अमीरात लैंड फोर्सेज की टुकड़ी भारत पहुंची है।

यूएई दल का प्रतिनिधित्व जायद फर्स्ट ब्रिगेड के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है। जबकि 45 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य यूनाइटेड नेशन्स चार्टर ऑन पीस कीपिंग ऑपरेशंस के चैप्टर 7 के तहत रेगिस्तानी/अर्ध रेगिस्तानी इलाके में निर्मित क्षेत्र (एफआईबीयूए) में लड़ाई सहित उप-पारंपरिक संचालन में अंतर-संचालनीयता को बढ़ाना है।

### देशों बढ़ेगा भरोसा

*मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास सहयोगात्मक साझेदारी को भी बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा।*



*अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' भारत और यूएई के बीच दोस्ती को और मजबूत करने का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बीते वर्ष अगस्त में दोनों देशों की नौसेना एक संयुक्त युद्धाभ्यास कर चुकी है। इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस त्रिखंड ने हिस्सा लिया था।*

## पानी, बिजली और फोन सेवाएं ठप, नेट भी बंद, लगातार आए थे 60 झटके

# भूकंप से जापान में तबाही 48 लोगों की दुखद मौत

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप से भारी तबाही मची है। मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। जबकि कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इधर भूकंप के बाद सुनामी की आशंका को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि इशिकावा में भूकंप से 48 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है।

खबरों में बताया गया कि हजारों मकान ढह गए हैं। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि 17 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन जापानी लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुये मंगलवार को चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा है। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर को भूकंप के एक के बाद एक 60 झटके आए थे।



मंगलवार को जापान के इशिकावा प्रांत के सुज़ू में आए भूकंप के बाद एक पुल पर दरारें देखी गईं।

जिनमें सबसे अधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी था। कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और फोन सेवाएं अभी भी बंद हैं।

स्थानीय निवासी नष्ट हुए घरों और अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंचित हैं। अपने घर के आसपास से मलबा हटाने में लगी इशिकावा निवासी मिकी कोबायाशी ने कहा, देखने से लगेगा कि घर सिर्फ गंदा हुआ, लेकिन ऐसा नहीं है दीवारें ढह गई हैं मुझे नहीं लगता कि यह रहने लायक है। उन्होंने कहा 2007 के आए भूकंप में भी उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया था।

### तेज गति चल रहा है राहत एवं बचाव कार्य

*प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कहा कि बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए 1000 सैनिकों को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसीलिए जरूरी है कि घरों में फंसे लोगों को तुरंत बचाया जाए। जब वह बोल रहे थे उस समय इशिकावा क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया। दमकलकर्मियों ने वाजिमा शहर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है।*

### लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा

सुनामी के कारण समुद्र तटों पर कीचड़ है। जापान मौसम विज्ञान ने सोमवार को इशिकावा में सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन मंगलवार की सुबह चेतावनी वापस ले ली गई। हालांकि, विभाग ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और भी भूकंप आ सकते हैं। भूकंप के बाद घरों से निकाले गए लोगों को सभागारों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में आश्रय दिया गया है। क्षेत्र में बुलेट ट्रेन रोक दी गई थीं, लेकिन मंगलवार दोपहर तक लगभग सभी सेवाओं को बहाल कर दिया गया है। राजमार्गों के कई हिस्से बंद कर दिये गए है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109